RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

विज्ञापन है दे रही, जो खुद भ्रामक ठोक।
उस सत्ता से कह रहे, इन्हें दीजिए रोक।
इन्हें दीजिए रोक, भला वह रोके कैसे।
जो इनमें दे उड़ा, सभी जनता के पैसे।
कह साहिल कविराय, दिया उनको ही ज्ञापन।
हर चप्पे पर यहां, लगे जिसके विज्ञापन।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 346 | SATURDAY DATE 03-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें



### विदेश में देश को नीचा दिखाने वालों ने भारत को समझा ही नहीं : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।** दिल्ली शब्दोत्सव 2026 के भव्य मंच से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने देश, संस्कृति और भारतीयता पर बात की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई भारतीय नेता या व्यक्ति विदेश जाकर अपने ही देश के बारे में हल्के शब्दों का इस्तेमाल करता है, तो यह दशार्ता है कि वह इस देश की मिट्टी और संस्कृति से जुड़ा नहीं है और उसने भारत को सही मायने में समझा ही नहीं। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, अगर कोई अपने ही देश के लिए विदेश में जाकर नकारात्मक बातें करता है, तो इसका कोई औचित्य नहीं है। दिल्ली शब्दोत्सव को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में किसी सरकारी मंच से ऐसा भव्य आयोजन पहले कभी नहीं हुआ। आज का भारत अपने अतीत, वर्तमान और भविष्य से एक साथ संवाद करता हुआ दिखाई दे रहा है। वैदिक काल से लेकर डिजिटल युग तक भारत ने जो ऐतिहासिक यात्रा तय की है, उसका साक्षी यह शब्दोत्सव बनने जा रहा है। उन्होंने कहा, न झुका है, न झुकेगा, अमर था, अमर रहेगा मेरा भारत महान।

### इंदौर दूषित पानी मामले में हाई कोर्ट ने अधिकारियों को भेजा नोटिस, 6 को अगली सुनवाई

**इंदौर, यूटर्न/ 02 जनवरी।** मध्य प्रदेश की औद्योगिक नगरी इंदौर में दूषित जल पीने से हुई मौत और कई लोगों के बीमार होने के मामले में तीन जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। इस पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने दो अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। हाई कोर्ट में दायर की गई जनहित याचिकाओं के बाद सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट पेश की गई। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने नगर निगम आयुक्त और अतिरिक्त आयुक्त को नोटिस जारी किया है। साथ ही, इस मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। दरअसल, पिछले दिनों भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौत हुई है, जबकि प्रशासन सिर्फ चार लोगों की मौत स्वीकार रहा है। वहीं, मौतों का आंकड़ा स्थानीय लोग और राजनीतिक दल 14 से ज्यादा बता रहे हैं। सरकार की ओर से पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट के दौरान भी यह बात सामने लाई गई कि प्रशासन अभी भी सिर्फ चार लोगों की मौत बता रहा है। बताया गया है कि इस मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी, जिसमें प्रशासन को दूषित पानी पीने से हुई मौतों का आंकड़ा पेश करना होगा। साथ ही कितने लोग बीमार हैं और आईसीयू में भर्ती हैं, यह भी विवरण देना होगा। भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से ही मौत के मामले में सरकार ने भी सख्त एक्शन लिया है। तीन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। वहीं, जांच समिति भी बनाई गई है।

# प्रकृति के प्रति प्रेम को सुंदर रूप से दिखाता है अहमदाबाद फ्लावर शो : मोदी



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अहमदाबाद फ्लावर शो की जमकर तारीफ की। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शहर की जीवंत भावना व प्रकृति के प्रति प्रेम को सुंदर रूप से दशार्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अहमदाबाद फ्लावर शो रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी को एक साथ लाता है और शहर की जीवंत भावना व प्रकृति के प्रति प्रेम को सुंदर रूप से दशार्ता है। उन्होंने लिखा कि यह भी सराहनीय है कि यह फूलों की प्रदर्शनी हर साल अपने आकार और कल्पनाशीलता में बढ़ती जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह प्रतिक्रिया गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के इस एक्स पोस्ट पर दी, जिसमें उन्होंने फ्लावर शो से जुड़ी तस्वीरें साझा की थीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि गुजरात की खुशबू, पूरी दुनिया में।

अपने एक्स पोस्ट में भूपेंद्र पटेल ने लिखा कि अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित 14वें फ्लावर शो में इस वर्ष दो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का सृजन होना हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा फ्लावर मंडला और सरदार वल्लभभाई पटेल जी का विश्व का सबसे बड़ा फ्लावर पोर्ट्रेट—इन उपलब्धियों के साथ अहमदाबाद फ्लावर शो ने लगातार तीसरे वर्ष वर्ल्ड रिकॉर्ड की हैट्रिक दर्ज की है। सीएम ने यह भी लिखा कि वर्ष 2024 में विश्व का सबसे लंबा फ्लावर स्ट्रक्चर तथा वर्ष 2025 में विश्व का सबसे बड़ा फ्लावर बुके बनाकर अहमदाबाद फ्लावर शो ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था। वर्ष 2026 में दो नए वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ यह आयोजन रचनात्मकता और उत्कृष्ट आयोजन क्षमता का अनुपम उदाहरण बना है। सीएम ने इसे प्रधानमंत्री से मिली प्रेरणा बताते हुए कहा कि यह फ्लावर शो वर्ल्ड हेरिटेज सिटी अहमदाबाद को वैश्विक मंच पर विशिष्ट पहचान दिला रहा है।

### नए साल में दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति से आपके संकल्प की सिद्धि हो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक प्रेरणादायक संदेश शेयर किया, जिसमें उन्होंने लोगों को नए साल में दृढ़ संकल्प, उद्देश्य की स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मेरी कामना है कि आने वाले समय में आपको अपने हर प्रयास में सफलता मिले। दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति से नए साल में आपके संकल्प की सिद्धि हो। उन्होंने एक संस्कृति सुभाषित में शेयर करते हुए लिखा, उत्थातव्यं जागृतव्यं योक्तव्यं भूतिकर्मसु। भविष्यतीत्येव मनः कृत्वा सततमव्यथैः। उन्होंने शुक्रवार को भारत केसरी मन्नथु पद्मनाभन की जयंती पर उन्हें याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, मन्नथु पद्मनाभन की जयंती पर, हम एक महान शख्सियत को बहुत सम्मान के साथ याद करते हैं, जिन्होंने अपना जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। वह एक दूर की सोचने वाले व्यक्ति थे जो मानते थे कि सच्ची तरक्की आत्म-सम्मान, बराबरी और समाज सुधार में ही निहित है।



### ईडी ने दिल्ली और हरियाणा में इंदरजीत सिंह यादव से जुड़े 10 ठिकानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गुरुग्राम जोनल कार्यालय ने 30 दिसंबर 2025 से 1 जनवरी 2026 तक दिल्ली में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002 के तहत इंदरजीत सिंह यादव से जुड़े 10 ठिकानों पर छापेमारी की। जो इंदरजीत सिंह यादव, उसके साथियों और अन्य संबंधित संस्थाओं/व्यक्तियों से जुड़ी है, जो अवैध वसूली, निजी वित्तीय संस्थान के साथ जबरन लोन सेटलमेंट, हथियारों का इस्तेमाल करके धमकाने और ऐसी गैर-कानूनी गतिविधियों से कमीशन कमाने में शामिल हैं। ईडी की जांच हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से दर्ज की गई 15 से अधिक एफआईआर और चार्जशीट पर आधारित है। इन एफआईआर में आरोप है कि यादव हत्या, धोखाधड़ी, ठगी, और हिंसक अपराधों में लिप्त था। यादव फिलहाल फरार है और यूएई से अपने नेटवर्क को चलाता है। इन एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि इंदरजीत सिंह यादव, जो मेसर्स जेम रिकॉर्ड्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (जो ह्यजेम्स ट्यून्सह्न के नाम से संचालित होती है) का मालिक और प्रमुख नियंत्रक है, एक कुख्यात दबंग है जो हत्या, जबरन वसूली, निजी वित्तदाताओं द्वारा दिए गए ऋणों के जबरन निपटान, धोखाधड़ी, जालसाजी, अवैध भूमि हड़पने और हिंसक अपराधों जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल है।

## शाहरुख खान तय करें वे भारत के साथ हैं या देशविरोधी ताकतों के : प्रवीण खंडेलवाल

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को शाहरुख खान की आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स में खरीदे जाने पर विवाद गहरा गया है। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि अब शाहरुख को फैसला लेना है कि वे भारत के साथ खड़े हैं या फिर देशविरोधी ताकतों के साथ। फैसला तो उन्हें ही लेना होगा। दरअसल बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की खबरों के बाद प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने शाहरुख खान के बांग्लादेशी क्रिकेटर को टीम में लेने की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि या तो वे स्पष्ट करें कि वे हमारे साथ हैं या स्वीकार करें कि यह विश्वासघात है। सांसदों के प्रोटोकॉल के लिए नियम पर भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि मैंने सिर्फ इतना कहा है कि भारत सरकार ने सांसदों के प्रोटोकॉल के लिए नियम बनाए हैं। हो सकता है



कि कुछ अधिकारियों को इस प्रोटोकॉल के बारे में पता न हो। इसलिए मैंने सुझाव दिया कि उन्हें अपने सीनियर अधिकारियों से सलाह लेनी चाहिए ताकि वे समझ सकें कि पार्लियामेंट प्रोटोकॉल में क्या-क्या होता है, ताकि पार्लियामेंट ऑफिस से आने वाले किसी भी कम्युनिकेशन को गंभीरता से लिया जाए। भाजपा नेता प्रदीप भंडारी के एक्स पोस्ट में राहुल गांधी की एक तस्वीर साझा करने पर भाजपा सांसद ने कहा कि चाहे राहुल गांधी हों या दूसरे कांग्रेस नेता, उनके संबंध ऐसी ताकतों से हैं जो देश को बांटना चाहती हैं।

## उत्तर प्रदेश बन रहा है देश का उभरता दूरसंचार पावरहाउस

**» लखनऊ, यूटर्न/ 02 जनवरी।**



उत्तर प्रदेश में दूरसंचार क्षेत्र की तेजी से प्रगति हो रही है। प्रदेश में मोबाइल, ब्रॉडबैंड और फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस सेवाओं का विस्तार शहरी के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में मजबूती से हो रहा है। इस विस्तार का सबसे बड़ा कारण सरकारी नीतिगत समर्थन और निजी निवेश है, जिससे प्रदेश में औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्र का त्वरित गति से दायरा बढ़ता जा रहा है।

इसी का परिणाम है कि देश के अग्रणी दूरसंचार बाजारों में उत्तर प्रदेश का नाम प्रमुखता से शामिल है। योगी सरकार के विकास मॉडल से प्रदेश के डिजिटल क्षेत्र को नया आयाम मिल रहा है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2025 में देश भर में कुल वायरलेस मोबाइल उपभोक्ताओं की संख्या 1173.88 मिलियन रही। अक्टूबर 2025 में यह संख्या 1171.87 मिलियन था। इसमें उत्तर प्रदेश पूर्व और उत्तर प्रदेश पश्चिम दोनों लाइसेंस्ड सेवा क्षेत्रों की भागीदारी विशेष रही है। उपभोक्ता गतिविधि के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी बना हुआ है। नवंबर 2025 तक उत्तर प्रदेश पूर्व में 1.97 मिलियन और उत्तर प्रदेश पश्चिम में 1.35 मिलियन पोर्टिंग अनुरोध दर्ज किए गए हैं। यह आंकड़े यह दशार्ते हैं कि प्रदेश में मोबाइल सेवाओं की मांग अधिक है। फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस विशेष कर 5-जी आधारित सेवाओं में उत्तर प्रदेश की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है।

## अगर गलत इस्तेमाल हो तो ईवीएम लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकती है : हरीश रावत

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने ईवीएम को लेकर कहा कि हम लोग और कांग्रेस पार्टी तकनीक के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन, अगर गलत इस्तेमाल किया जाए तो ईवीएम लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का यह बयान उस वक्त आया है, जब कर्नाटक के एक सर्वे में ईवीएम पर 83 फीसदी से ज्यादा लोगों ने भरोसा जताया



है। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि ईवीएम हम ही लाए थे, लेकिन अगर सत्ताधारी पार्टी उसका दुरुपयोग करना चाहे और चुनाव आयोग सरकार के साथ मिल जाए, तो ईवीएम लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकती है। हमको ईवीएम से ज्यादा ईवीएम को संचालित करने वालों और जिनकी देखरेख में संचालित हो रही हैं, उनकी मंशा पर शंका है। मुद्दा ईवीएम खुद नहीं है, बल्कि उन्हें चलाने वालों और देखरेख करने वालों की नीयत है। हम तकनीक के खिलाफ नहीं हैं।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के अगस्त 2027 तक भारत की पहली बुलेट ट्रेन शुरू करने की घोषणा पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अच्छी बात है, लेकिन बहुत देर कर दी। अभी तो बुलेट ट्रेन घूंघट में ही है। जब आएगी, तो उस समय इसके विषय में प्रतिक्रिया देंगे, लेकिन इतना जरूर चाहेंगे कि ये 1 या 2 स्थानों को नहीं, बल्कि हमारे जितने कॉमर्शियल इलाके दिल्ली सहित हैं, ये सब बुलेट ट्रेन के साथ जुड़ने चाहिए।

## फटाफट खबरें

### ऑटो पलटने से हुई दो युवकों की मौत, चालक पर केस

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र स्थित बहरामपुर अंडरपास के नजदीक डिवाइडर से टकराकर दो ऑटो सवार युवकों की मौत के मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि मूल रूप से गांव जुनावई जनपद संभल के रहने वाले रोहित कुमार के मुताबिक 31 दिसंबर की सुबह उनका भाई अंकित (23) व अन्य तीन सवारी राजेश, पवन और अजय ऑटो में सवार होकर रेलवे स्टेशन से नोएडा सेक्टर 62 के लिए निकले। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार में ऑटो बहरामपुर अंडरपास से आगे डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनके भाई अंकित व दूसरी सवारी राजेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि पवन व अजय का उपचार चल रहा है। एसीपी ने बताया कि ऑटो कब्जे में ले लिया गया है, चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### महिला से पर्स छीनकर चोर ने खरीदा मोबाइल, गिरफ्तार

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 02 जनवरी।** थानाक्षेत्र स्थित एटीएस सोसायटी की रहने वाली विभूति जायसवाल से पर्स छीनने की वारदात करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पर्स में चोरी किए 1800 रुपये और मोबाइल बरामद हुआ है। आरोपी न्यायखंड एक का रहने वाला अक्षय राघव है। पूछताछ में उसने छिनैती करने की वारदात को स्वीकार किया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 22 दिसंबर को वारदात होने के बाद महिला ने ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में बाइक ट्रेस होने के बाद बृहस्पतिवार रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि रुपये निकालने के बाद उसने पर्स को रास्ते में फेंक दिया। उसी दिन चुराए हुए रुपयों से ही अपने लिए मोबाइल खरीदा और कुछ रकम उधारी चुकाने में खर्च कर दी। एसीपी ने बताया कि अक्षय राघव के खिलाफ गाजियाबाद में गैंगस्टर एक्ट, हत्या के प्रयास, लूट, छिनैती, एनडीपीएस एक्ट, चोरी, आर्म्स एक्ट, के 14 मामले दर्ज हैं।

### सड़क हादसे में युवक का कटा हाथ, हालत गंभीर

**कौशांबी, यूटर्न/ 02 जनवरी।** दिल्ली के मंडावली स्थित फाजलपुर निवासी अरुण तोमर 31 दिसंबर की रात सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह लालकुआं से गाजियाबाद की तरफ जा रहे थे। हादसे में उनका उनके बाएं हाथ का पंजा कुचल गया। चिकित्सकों ने पंजे को काटकर अलग किया। घायल के पिता दिल्ली पुलिस के पूर्व इंस्पेक्टर नरेंद्र पाल की तहरीर पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।
दर्ज मामले में नरेंद्र पाल ने बताया कि बेटा अरुण 31 दिसंबर को लालकुआं निवासी अपने दोस्त के पास नौकरी के सिलसिले में बातचीत करने पहुंचा था। रात करीब एक बजे वह स्कूटी से वापस घर लौट रहा था। एनएच नौ पर एलिवेटेड के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। स्कूटी गिरते ही बस का पहिया बेटे के बाएं हाथ को कुचलता हुआ निकल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से बेटे को पटपड़गंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# एनसीआर में प्रदूषण से आंशिक राहत के संकेत, लेकिन ठंड और कोहरे की चुनौती बरकरार

» **नोएडा, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लोगों के लिए नए साल की शुरूआत में मौसम और प्रदूषण के अलग-अलग आंकड़े सामने आ रहे हैं। एक ओर तेज हवाओं के चलते वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में कुछ सुधार देखने को मिल रहा है, तो दूसरी ओर कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़े बताते हैं कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की वेबसाइट के अनुसार 2 जनवरी को सुबह के समय अत्यंत घना कोहरा रहने की संभावना



जताई गई है। इस दिन अधिकतम तापमान करीब 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

3 जनवरी को भी हालात बहुत ज्यादा नहीं बदलेंगे और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। तापमान 17 डिग्री अधिकतम और 7 डिग्री न्यूनतम रह सकता है। वहीं 4 जनवरी को कोहरे की तीव्रता कुछ कम होकर मध्यम कोहरा रहने का अनुमान है, अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

अगर वायु गुणवत्ता की बात करें तो दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के कई इलाकों में तेज हवाओं के कारण एक्यूआई में गिरावट आई है और कुछ क्षेत्र ऑरेंज जोन में पहुंच गए हैं। हालांकि अभी भी कई इलाके रेड जोन में बने हुए हैं। दिल्ली के आंकड़ों पर नजर डालें तो नेहरू नगर (341), ओखला फेज-2 (328), पटपड़गंज (314), पंजाबी बाग (308), पुसा (322), आर.के. पुरम (319) और रोहिणी (315) जैसे इलाके रेड जोन में दर्ज किए गए हैं। वहीं, एनएसआईटी द्वारका (423) और सिरीफोर्ट (342) में हालात और भी गंभीर बने हुए हैं। गाजियाबाद में स्थिति कुछ हद तक बेहतर दिखी है। इंदिरापुरम (227) ऑरेंज जोन में है, जबकि लोनी (295) और संजय नगर (295) भी ऑरेंज जोन के करीब हैं। हालांकि वसुंधरा (384) अब भी रेड जोन में है। नोएडा की बात करें तो सेक्टर-62 (278) और सेक्टर-1 (300) ऑरेंज जोन में हैं, जबकि सेक्टर-125 (303) और सेक्टर-116 (314) रेड जोन में दर्ज किए गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार तेज हवा और हल्की मौसमी गतिविधियों के चलते प्रदूषण में अस्थायी राहत मिल सकती है..

## 20 दिन में ऊर्जा निगम ने काटे 15 हजार बकायेदारों के कनेक्शन

**गाजियाबाद।** बकायेदारों से बिल वसूली के लिए ऊर्जा निगम ने तीनों जोन में कार्रवाई तेज कर दी है। पिछले 20 दिनों में अब तक 15 हजार से अधिक बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए गए। लगभग 10 करोड़ रुपये का बकाया बिल की वसूली की गई है।

जोन दो के मुख्य अभियंता नरेश भारती ने बताया कि जनपद में करीब ढाई लाख बकायेदार हैं। इनको आरसी जारी करने के साथ ही इनमें से 15 हजार बकायेदारों के कनेक्शन भी काटे गए हैं। कई ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन्होंने आरसी जारी होने के बाद कुछ रकम जमा कराकर बकाया बिल के भुगतान के लिए समय मांगा है। ऐसे में उनको समय भी दिया जा रहा है। ऊर्जा निगम के अधिकारी सबसे पहले ऐसे उपभोक्ताओं के ऊपर कार्रवाई कर रहे हैं, जिन्होंने पिछले छह माह से एक भी रुपये के बिल का भुगतान नहीं किया है। तीनों जोन को मिलाकर देखा जाए तो लगभग 5800 ऐसे उपभोक्ता हैं। जिन्होंने एक भी रुपये के बकाया बिल का भुगतान नहीं किया है। लगभग 7900 ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन्होंने एक साल से अपने बिल का भुगतान नहीं किया है।

**तेजी से जारी की जा रही है आरसी :** एक मुश्त समाधान योजना के तहत पंजीकरण कराने के बाद भी बकाया रकम न जमा करने वाले लगभग 50 हजार लोगों को ऊर्जा निगम की ओर से नोटिस जारी किया जा चुका है। इसके अलावा अन्य बकायेदारों को भी नोटिस जारी करने के लिए ऊर्जा निगम की ओर से कार्रवाई चल रही है।

## प्रिंटर की मदद से छाप रहे थे 100, 200 व 500 के नकली नोट, दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।** बल्लभगढ़ जोन के आदर्श नगर थाने की पुलिस ने प्रिंटर की मदद से 100, 200 व 500 रुपये के नकली नोट बनाने व बाजार में चलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 500 का एक, 200 के 5 व 100 के 10 नकली नोट बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों लक्की व योगेश के खिलाफ आदर्श नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आदर्श नगर थाना की पुलिस को बुधवार को सूचना मिली कि एक युवक डीलर चौक मार्केट में नकली नोट लेकर घूम रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच आरोपी को काबू किया। उसकी पहचान यूपी मथुरा के रहने वाले 19 साल के लक्की के तौर पर हुई। आरोपी फिलहाल बल्लभगढ़ में ही रहता है। उसके पास से 200 के 5 व 100 के 6 नकली नोट बरामद किए गए। इससे पूछताछ में पता चला कि बल्लभगढ़ की मुकेश कॉलोनी में रहने वाले 19 साल के योगेश से वो नोट खरीदकर लाया था। पुलिस टीम ने योगेश को भी बल्लभगढ़ अनाज मंडी के पास से काबू किया। योगेश ने पूछताछ में बताया कि उसने असली नोट का प्रिंटर के माध्यम से प्रिंट निकालकर नकली नोटों को बाजार में चलाने के लिए लक्की को दिये थे। योगेश से 500 का एक, 100 के 4 नकली नोट व प्रिंटर बरामद किए गए। दोनों आरोपियों के खिलाफ आदर्श नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

# ऑपरेशन मिलाप : दिल्ली पुलिस ने एक महीने में 102 लापता लोगों को परिजनों से मिलवाया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

दिल्ली के साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने दिसंबर 2025 में एक सराहनीय अभियान ऑपरेशन मिलाप चलाया, जिसके तहत 102 लापता व्यक्तियों/बच्चों (35 लापता बच्चे और 67 लापता वयस्क) को बरामद किया और उन्हें उनके परिवारों से मिलाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह अभियान 1 से 31 दिसंबर तक चला और इस दौरान पुलिस ने समर्पण के साथ कई लापता व्यक्तियों को खोजकर उनके घरों तक पहुंचाया।

इस अभियान में स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और लापता व्यक्तियों की आवाजाही का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज, बस



स्टैंड, रेलवे स्टेशन और ई-रिक्शा स्टैंड पर संदिग्धों की तस्वीरें साझा कीं। इसके अलावा, पुलिस ने स्थानीय मुखबिरों, बस ड्राइवरों और विक्रेताओं से भी जानकारी प्राप्त की, जो अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुई।

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने अलग-अलग पुलिस स्टेशनों के माध्यम से लापता व्यक्तियों को ढूंढने के लिए समन्वित प्रयास किए। जैसे कि कापसहेड़ा पुलिस स्टेशन के स्टाफ ने 12 लापता लड़कियों को बरामद किया, जबकि पालम गांव पुलिस स्टेशन के स्टाफ ने 4 बच्चों और 13 वयस्कों को ढूंढा। इसी तरह अन्य पुलिस स्टेशनों जैसे वसंत कुंज, सागरपुर, किशनगढ़, और दिल्ली कैंट ने भी कई लापता बच्चों और वयस्कों को सुरक्षित उनके परिवारों से मिलाया।

पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने कहा कि ऑपरेशन मिलाप के तहत पुलिस ने न केवल लापता व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाया, बल्कि यह भी दर्शाया कि साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस अपनी जिम्मेदारियों को बहुत ही जिम्मेदारी से निभाती है।

उन्होंने बताया कि पुलिस स्टेशन के बीते दिन वसंत कुंज नॉर्थ के स्टाफ ने एक लापता नाबालिग लड़की का पता लगाया। इसके अलावा, 5 लापता व्यक्तियों (3 पुरुष और 2 महिलाएं) का भी पता लगाया गया। सभी बरामद व्यक्तियों को सफलतापूर्वक उनके परिवारों से मिला दिया गया।

### कर्मचारियों का सेवा रिकॉर्ड अस्पताल प्रशासन के पास नहीं है उपलब्ध

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

जिला नागरिक अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों के नौकरी से संबंधित सेवा रिकॉर्ड अस्पताल प्रशासन के पास उपलब्ध नहीं होने का मामला सामने आया है। अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को सेवा रिकॉर्ड अपडेट कराने के लिए कैफे पर जाकर ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया था। इस फैसले से नाराज कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. जयंत आहूजा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों की आपत्ति के बाद प्रशासन ने मामले का समाधान करते हुए अस्पताल परिसर में ही ऑपरेटर के माध्यम से सेवा रिकॉर्ड अपडेट कराने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन के बाद भी कर्मचारियों की मांगें यहीं नहीं रुकीं।

## साइबर ठगों ने दो अलग-अलग लोगों से 29.72 लाख ठगे

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

साइबर ठगों ने दो अलग-अलग लोगों से क्रिप्टो करेंसी और शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 29.72 लाख रुपये की ठगी की। लोनी में रहने वाले मनीष से क्रिप्टो करेंसी में ट्रेडिंग का झांसा देकर 24.57 लाख रुपये ठगे। जबकि क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की प्रोव्यू लाबोनी सोसायटी में रहने वाली प्रांशु सिंह से फर्जी पोर्टल पर शेयर ट्रेडिंग में निवेश कराकर 5.15 लाख रुपये की ठगी की। दोनों पीड़ितों ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि लोनी के खन्ना नगर कॉलोनी में रहने वाले मनीष कुमार सिंह के मुताबिक उन्हें 31 अक्तूबर 2025 को टेलीग्राम आईडी पर वैष्णवी रेड्डी के नाम से मैसेज आया। बताया कि वह इस पर क्रिप्टो करेंसी में ट्रेडिंग सीखने के बाद निवेश कर मुनाफा कमा सकते हैं। उन्होंने इस पोर्टल से पहले क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज पर बिटकॉइन (डिजिटल मुद्रा) खरीदने और बेचने की जानकारी जुटाई। इसके बाद साइबर ठगों ने उनका एकाउंट खुलवाया और क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश करने को कहा।

# कड़ाके की सर्दी और प्रदूषण से बढ़े कान में संक्रमण के मरीज

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

कड़ाके की ठंड और बढ़ते वायु प्रदूषण से जिले में कान के संक्रमण के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। ओपीडी में बच्चों और युवाओं की संख्या सबसे अधिक सामने आ रही है। सर्द मौसम में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने प्रदूषित हवा के कारण नाक और गले में संक्रमण बढ़ा है। इसका सीधा असर कान पर पड़ रहा है। सिर्फ एमएमजी अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 60 से 70 मरीज आ रहे हैं। निजी अस्पतालों, संजय नगर स्थित संयुक्त अस्पताल के आंकड़ों को जोड़ा जाए तो जिले में रोजाना 150 से 160 मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। एमएमजी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व वरिष्ठ नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार का कहना है कि इन दिनों बाहरी कान के संक्रमण के साथ-साथ मध्य कान में सूजन के मरीज 30 फीसदी बढ़े हैं। सर्द और धूल भरी हवा के कारण कान की नली में सूखापन और जलन होती है। इससे बैक्टीरिया और फंगस पनपने लगते



हैं। बच्चों में सर्दी जुकाम बार-बार होने से नाक और कान को जोड़ने वाली नली प्रभावित होती है और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

वरिष्ठ नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. बीपी त्यागी के अनुसार युवाओं में लंबे समय तक ईयरफोन का इस्तेमाल भी समस्या को गंभीर बना रहा है। ठंड के मौसम में कान को ढक कर न रखने और ठंडी हवा के सीधे संपर्क में आने से भी कान में दर्द और बहाव की शिकायत बढ़ जाती है। कई लोग दर्द होने पर खुद ही दवा डाल लेते हैं जो स्थिति को और बिगाड़ देती है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# पोस्टमार्टम के लिए कानपुर में लाशों का अंबार, मतलब आत्मा के जाने के बाद उसके घर शरीर की दुर्दशा!

» **सुनील बाजपेई**

कानपुर, यूटर्न/ 02 जनवरी। जन्म के बाद इस संसार में कुछ भी होने, बनने और करने का कारण आत्मा का शरीर धारण करना ही है। और जब इस शरीर की निष्क्रिय यानी मृत्यु के रूप में वह आत्मा शरीर को छोड़ देती है तो फिर उसकी शांति के लिए अनेक अनेक कर्मकांड भी किए जाते हैं लेकिन अगर सांसारिक व्यवस्थाओं और

कारणों को लेकर शव के पोस्टमार्टम जैसी अनिवार्यता होती है तो फिर ऐसा करने के अधिकारी और सक्षम शरीर धारी मतलब धरती के दूसरे भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर की भी जरूरत होती है। और जब भी वे अपने कर्तव्य का पालन समय से नहीं करते तो फिर उस आत्म विहीन यानी निर्जीव शरीर को दुर्दशा होने जैसे हालातो से भी गुजरना पड़ता है।

यह कथन कानपुर के संदर्भ में भी सटीक बैठता है क्योंकि यहां आज शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम हाउस पर लाशों की लाइन लग गई। परिजन पोस्टमॉर्टम के इंतजाम में घंटों बैठे रहे। इधर-उधर



दौड़ते रहे। लेकिन, डॉक्टर ही नहीं पहुंचे तो पोस्टमॉर्टम कैसे हो।

मिली जानकारीके मुताबिक शुक्रवार सुबह 10 बजे से तीन डॉक्टरों की ड्यूटी थी। मगर, सिर्फ एक डॉक्टर पहुंच सकीं। बाकी दो डॉक्टर दोपहर 2 बजे तक पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे ही नहीं। पोस्टमॉर्टम हाउस में 16 शव पहुंच चुके थे।

कोई सुनवाई न होने पर परिजनों ने हंगामा करने के साथ ही सी एम ओ से फोन पर शिकायत की जिसके बाद सी एम ओ ने भी फोन पोस्टमॉर्टम हाउस के प्रभारी से वजह पूछी तो प्रभारी ने डॉक्टरों के नहीं आने की जानकारी दी।

अवगत कराते चलें कि आज शुक्रवार को भीषण ठंड में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों और अन्य कारणों से हुई मौतों के बाद पोस्टमॉर्टम हाउस में सुबह से भीड़ जुटने लगी। दोपहर 2 बजे तक कोतवाली, साढ़, सजेती, छावनी, बाबूपुरवा, कर्नलगंज, चौबेपुर, महाराजपुर, स्वरूप नगर थाना क्षेत्रों से 16 शव पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। पीड़ित परिजन अपने-अपने शवों के इंतजार में घंटों ठंड में ठिठुरते रहे। कुल मिलाकर घंटों बाद शवों का पोस्टमार्टम शुरू किया गया। इस बीच सबसे बद नसीब लावारिश शव नजर आए, जिनके लिए कहने और आंसू बहाने वाला कोई था ही नहीं।

# बरवाला किसान रेस्ट हाउस में नववर्ष मिलन समारोह, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने सुनी जनसमस्याएं

» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 02 जनवरी। बरवाला किसान रेस्ट हाउस में नववर्ष के अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने क्षेत्र के कार्यकताओं व नागरिकों से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने उपस्थित लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री रणबीर गंगवा ने बरवाला क्षेत्र की



जनता सहित समस्त प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा ईश्वर से प्रदेश की उन्नति, प्रगति और खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकताओं के लिए जलपान एवं मिठाई की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर बरवाला नगर परिषद के सदस्य रमेश बैटरीवाला ने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, चेयरमैन जिला परिषद हिसार सोनू सिहाग डाटा, जिला सचिव भाजपा हांसी एवं चेयरमैन मार्केट कमेटी बरवाला प्रवीण सैनी, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, मंडल अध्यक्ष मनोज उर्फ मोनू संदूजा, जिला आईटी सह प्रमुख भाजपा कमल हंदूजा, मंडल उपाध्यक्ष सुरेश गोयल, मंडल मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा, डा नरेश गोरखपुरिया, डॉ देशराज, वरिष्ठ भाजपा नेता पुरुषोत्तम गुप्ता, पार्षद ज्योति बंसल, उमेश कौशिक, हवा सिंह जांगड़ा वरिष्ठ भाजपा नेता सहित अनेकों कार्यकर्ता एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# मोबाइल टॉवर से आरआरयू उपकरण चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 02 जनवरी।** गौतमबुद्धनगर पुलिस को मोबाइल टॉवर से महंगे उपकरणों की चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना बीटा-2 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल टॉवर के आरआरयू (रेडियो रिमोट यूनिट) उपकरण चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब तीन लाख रुपये कीमत का एक आरआरयू उपकरण, एक चोरी की मोटरसाइकिल और एक अवैध चाकू बरामद किया है। थाना बीटा-2 प्रभारी के अनुसार, दिनांक 2 जनवरी को पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पी-3 गोल चक्कर के पास से दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उनके पास से मोबाइल टॉवर का आरआरयू उपकरण, चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर और एक अवैध चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सविन्दर पुत्र विकारी और गगन पुत्र बलराज सिंह के रूप में हुई है। दोनों आरोपी ग्राम जोट, थाना औरंगाबाद, जनपद बुलंदशहर के निवासी हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं और मोबाइल टॉवरों की रेकी कर वहां लगे कीमती उपकरणों को चोरी करते थे। आरोपियों ने करीब एक माह पूर्व नोएडा क्षेत्र से हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी की थी, जिसका उपयोग वे चोरी की वारदातों को अंजाम देने में कर रहे थे।



# रोटरी क्लब बरवाला ने वर्ष-2025 को कहा अलविदा, और नव वर्ष-2026 का किया स्वागत

» **हरियाणा, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

रोटरी क्लब शाखा बरवाला ने वर्ष 2025 को अलविदा कहा और नव वर्ष- 2026 को दौलतपुर रोड पर स्थित पंजाबी धर्मशाला के प्रांगण में हर्षोउल्लास के साथ मनाया। क्लब के प्रधान ओमप्रकाश वधवा ने बताया कि इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चैयरमेन वरिष्ठ रोटेरियन डॉ सुरेन्द्र कक्कड़ और पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन सोमू रहेजा रहे । मंच का संचालन डिप्टी गवर्नर रोटेरियन विक्की रहेजा ने किया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विशेष खेल गतिविधियों तम्बोला, अंताक्षरी व डांस आदि करवाए गए। बच्चों के लिए भी खेल गतिविधियां लुडो, कैरम बोर्ड, चैस, कविता पाठ, संगीत, मोनों एक्टिंग व डांस आदि करवाए गए । प्रधान रोटेरियन ओम प्रकाश वधवा ने अपने संबोधन में कलब की नई कार्यकारिणी द्वारा अब तक करवाए गए प्रौजेक्टस का विवरण दिया और आगामी लगाए जाने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तार से बताया । इस समारोह में अध्यक्ष व पूर्व प्राचार्य ओ. पी. वधवा, सचिव डॉ अभिषेक सरदाना, कोषाध्यक्ष अमन मेहता, सुभाष वधवा, राजेश मनुजा, मनोज कथूरिया, संजय संदूजा, सुरेश जावा, पुनीत जावा, पवन ढींगडा, कृष्ण पिलानी, दिनेश मेहता, सहायक गवर्नर विक्की रहेजा, बिल्लू बजाज व तुषार वधवा आदि .



# वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रोमिला पूनिया ने डीजी आर.सी. मिश्रा से की शिष्टाचार मुलाकात

» **हरियाणा, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रोमिला पूनिया ने भा.पु.से. डॉ. आर.सी. मिश्रा, डाहयरेक्टर जनरल हरियाणा राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण (चेयरमैन) से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश को अपराध-मुक्त बनाने की दिशा में हरियाणा पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रभावी प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



मुलाकात के दौरान प्रदेश की वर्तमान कानून व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। प्रोमिला पूनिया ने कहा कि सुदृढ़ कानून व्यवस्था किसी भी प्रदेश के विकास की आधारशिला होती है और हरियाणा पुलिस इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है।

डॉ. आर.सी. मिश्रा ने भी पुलिस शिकायत प्राधिकरण की भूमिका एवं आमजन को न्याय दिलाने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पारदर्शी व जवाबदेह व्यवस्था से ही जनता का विश्वास मजबूत होता है।

यह शिष्टाचार मुलाकात सकारात्मक संवाद एवं बेहतर प्रशासनिक समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# ओएसजीयू के कुलपति डॉ. एन.पी. कौशिक ह्यनेशनल रिस्पॉन्सिबल इनोवेशन इन इंस्टीट्यूशन बिल्डिंग अवार्ड से सम्मानित

» **हरियाणा, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

शिक्षा और संस्थान निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. (डॉ.) नरेंद्र प्रकाश कौशिक को प्रतिष्ठित नेशनल रिस्पॉन्सिबल इनोवेशन इन इंस्टीट्यूशन बिल्डिंग अवार्ड से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 46वीं वर्ल्ड मैनेजमेंट कांग्रेस 2025 के गरिमामयी अवसर पर प्रदान किया गया। इस दो दिवसीय




अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन ह्यइंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एजुकेटर्स फॉर वर्ल्ड पीस, भारतीय पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण संस्थान, भारतीय विश्वविद्यालय परिसंघ और उच्च शिक्षा, विकास की विश्व अकादमी द्वारा एवं विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से किया गया था।

डॉ. कौशिक को यह पुरस्कार सुशासन, शैक्षणिक सहयोग और अनुसंधान के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों और उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए दिया गया है। इसी के साथ चयन समिति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के बुद्धिजीवियों और विशेषज्ञों की सूची में से उनके नाम की अनुशंसा की थी। कुलपति महोदय की इस शानदार उपलब्धि पर विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने कुलपति डॉ. एन.पी. कौशिक को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. कौशिक के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है और यह सम्मान पूरे संस्थान के लिए गौरव की बात है। सम्मेलन के दौरान बताया गया कि इस पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य उन दिग्गजों को प्रोत्साहित करना है जो अपनी विशेषज्ञता और ज्ञान के माध्यम से एक बेहतर, स्वच्छ और समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान दे रहे हैं। यह सम्मान सस्टेनेबल सोसायटी और बेहतर शिक्षा प्रणाली की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का प्रतीक है।

विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर, रजिस्ट्रार डॉ सत्यवीर सिंह एवं पूरे ओएसजीयू परिवार ने कुलपति महोदय को बधाई दी। इस सम्मान के लिए डॉ कौशिक ने ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ पुनम गोयल का आभार व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में हम विश्वविद्यालय को ओर भी ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### दो घंटे की देरी से कोलकाता के लिए भरी उड़ान

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।** कोहरे के कारण पिछले तीन दिन से कोलकाता की उड़ान नहीं भरी जा रही थी। वहीं बृहस्पतिवार को करीब तीन घंटे बाद उड़ान भरी गई। कोहरे के कारण हिंडन एयरपोर्ट से हर दिन उड़ान प्रभावित हो रही है। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित कोलकाता के यात्री हो रहे हैं। उड़ान का समय सुबह होने की वजह से आए दिन यह रद रहती है। हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक डॉ. चिलका महेश ने बताया कि कोलकाता से आने और जाने वाली दोनों उड़ानों पर कोहरे का असर ज्यादा रहा। बृहस्पतिवार को हालांकि उड़ान भरी गई लेकिन तीन घंटे लेट रही। इसके अलावा नांदेड के लिए विमान 50 मिनट लेट हुई। वहीं आदमपुर से आने वाली उड़ान भी एक घंटा देरी से आई। किशनगढ़ से आने वाली उड़ान भी करीब एक घंटे की देरी से हिंडन पहुंची।

### टेलीग्राम टॉस्क के जरिए 4.41 लाख रुपये ठगे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।** नंदग्राम थाना क्षेत्र की राजनगर एक्सटेंशन स्थित पॉम रिसॉर्ट सोसायटी में रहने वाले संदीप कुमार वर्मा से साइबर ठगों ने टेलीग्राम टॉस्क के जरिए चार लाख 41 हजार 497 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित के मुताबिक रिया सानवी नाम की युवती ने उन्हें कॉल कर टेलीग्राम टॉस्क रिव्यू करने में मुनाफा होने का झांसा दिया। पूर्व में निशुल्क टॉस्क दिए गए और कुछ मुनाफा भी खातों में भेजा गया। इसके बाद ठगों ने प्रीपेड रिव्यू अलॉट करने शुरू किए। बताया कि कभी सीबी कस्टमर सपोर्ट, क्रेडिट स्कोर, निकासी कोड आदि के नाम पर रुपये भी जमा कराए।

### तीन बस खरीदकर नहीं दिए 20.25 लाख रुपये, प्राथमिकी दर्ज

**कौशांबी, यूटर्न/ 02 जनवरी।** थानाक्षेत्र स्थित न्यू इंटरनेशनल टूरिस्ट कंपनी के मालिक रमाशंकर मिश्रा ने हरियाणा के गुरुग्राम निवासी श्रवण कुमार पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आरोप है कि श्रवण कुमार ने तीन बसें उनसे खरीदीं और केवल 3.50 लाख रुपये का भुगतान किया। बकाया 20.25 लाख रुपये की रकम नहीं दी। सौदा वर्ष 2018 में हुआ था और सात साल बाद भी जब रुपये नहीं मिले तब उन्होंने तहरीर दी।

# एयरफोर्स के रिटायर्ड कर्मी की हत्या में शूटर गिरफ्तार

## बेटों पर सुपारी देने का आरोप

**» लोनी, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

अशोक विहार कॉलोनी के पास एयरफोर्स से रिटायर्ड योगेश कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने शूटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि हत्या के लिए रिटायर्ड कर्मी के दोनों बेटों ने ही पांच लाख रुपये की सुपारी दी थी। वारदात में उसने अपने पुलिसकर्मी बहनोई की मदद ली, जो कौशांबी जिले में पुलिस की मीडिया सेल में बतौर सिपाही तैनात है। पुलिस फरार तीनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 26 दिसंबर को योगेश कुमार (58) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में उनके बेटे नितेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपियों की तलाश में लगाई गई पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर बुधवार रात अशोक विहार से एक आरोपी अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया। अशोक विहार के ही रहने वाले आरोपी अरविंद से एक तमंचा, बाइक व लोहे की पाइप बरामद की गई। उसने पूछताछ में



बताया कि योगेश के बेटे नितेश और गुड्डू ने उनकी हत्या की सुपारी दी थी। वारदात के वक्त अरविंद के साथ उसका बहनोई नवीन कुमार भी था। नवीन उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही है। पुलिस के अनुसार, योगेश बेटों नितेश व गुड्डू और परिवार के साथ अशोक विहार में रहते थे। नितेश दिल्ली की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में एआरएम है और गुड्डू गुरुग्राम की किसी कंपनी में कस्टमर रिव्यू मैनेजर। आरोपी अरविंद से पूछताछ में सामने आया कि नितेश और गुड्डू पिता के गलत आचरण से परेशान होकर उससे मदद मांगने पहुंचे थे।

### सीसीटीवी कैमरों की मदद से सुलझी गुत्थी

एसीपी ने बताया कि घटना की तह तक जाने के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही थी। इसी दौरान एक फुटेज में दिखे आरोपियों की बाइक के नंबर के आधार पर पुलिस उसके मालिक सलमान तक पहुंची। उसने बताया कि घटना वाले दिन बाइक एक दोस्त मांगकर ले गया था, जो अरविंद का किरायेदार है। इस कड़ी से पुलिस अरविंद तक पहुंच गई। उसकी गिरफ्तारी के बाद नितेश और गुड्डू फरार हो गए।

### अगस्त से ड्यूटी पर नहीं गया सिपाही नवीन

एसीपी ने बताया, जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी नवीन अगस्त से नौकरी पर नहीं गया है। उसने पुलिस विभाग से बीमारी के नाम पर छुट्टी ले रखी है। घटना से पहले करीब एक माह तक वह लोनी और दिल्ली में रहा। वारदात के बाद नवीन मथुरा चला गया। तब से उसका मोबाइल नंबर भी बंद है। एसीपी ने बताया कि विभाग को नवीन के बारे में जानकारी दे दी गई है। उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

### 2008 में की थी चाचा और उनके परिवार के आठ लोगों की हत्या

पुलिस के अनुसार, अरविंद 12वीं पास है। वर्ष 2008 में बुलंदशहर के बरारी गांव में उसने अपने पिता के साथ मिलकर चाचा और उनके परिवार के आठ लोगों की हत्या कर दी थी। तब वह नाबालिग था। मामले में उसके पिता को पहले फांसी की सजा हुई थी, जो बाद में आजीवन कारावास में तब्दील हो गई। अरविंद को सुधार गृह भेजा गया था।

## नाबालिग ने दोस्त संग मिलकर 50 वर्षीय व्यक्ति को उतारा मौत के घाट




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।** दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में लालबाग क्षेत्र में एक मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया, 50 वर्षीय व्यक्ति की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। यह घटना तब हुई जब मृतक ने घर के बाहर गाली-गलौज कर रहे नाबालिगों को टोका था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके साथी की तलाश जारी है।

उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह के अनुसार, मृतक की पहचान बिहारी लाल के रूप में हुई है, जो पेशे से दर्जी थे और परिवार के साथ ए ब्लॉक लालबाग में रहते थे। घटना बृहस्पतिवार की रात की है। दो लड़के बिहारी लाल के घर के पास खड़े होकर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे। बिहारी लाल ने उन्हें डांटते हुए वहां से चले जाने के लिए कहा। इस बात से नाराज दोनों लड़के उग्र हो गए और उन्होंने बिहारी लाल को धक्का दिया। इसी दौरान, नाबालिग आरोपी ने बिहारी लाल पर चाकू से हमला कर दिया।

परिजनों ने घायल बिहारी लाल को तुरंत पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की। प्राथमिक पूछताछ के आधार पर, पुलिस ने एक नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उसकी निशानदेही पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पकड़े गए नाबालिग से पूछताछ की जा रही है और उसके साथी की तलाश के लिए टीमों का गठन किया गया है।

# निर्माण कंपनी में साझेदार बनकर 2.11 करोड़ हड़पने का आरोप

**» इंदिरापुरम, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

थानाक्षेत्र के ज्ञान खंड दो स्थित निर्माण कंपनी स्काई इंटरनेशनल के मालिक नितिन शर्मा ने मेगा माउंड नामक निर्माण कंपनी के मालिक योगेश मेहरा पर 2.11 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। मामला दिसंबर 2023 का है और पुलिस ने एंटी फ्रॉड सेल की जांच के बाद 31 दिसंबर 2025 की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

दर्ज मामले में नितिन शर्मा ने बताया कि वह कई सरकारी व गैरसरकारी योजनाओं को पूरा कर चुके हैं। दिसंबर 2023 में मेगा




माउंड कंपनी के संचालक योगेश मेहरा से उनसे मुलाकात हुई। योगेश ने साथ काम करने की इच्छा जताई और पांच करोड़ रुपये की एक परियोजना में उन्हें साझेदार बनाया। आरोप है कि कार्य पूरा होने से पहले योगेश मेहरा की कंपनी ने उनकी कंपनी से धोखाधड़ी करके 2.11 करोड़ रुपये ले लिए। इसके अलावा 19 दिसंबर 2023 तक परियोजना भी पूरी नहीं की। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने योगेश मेहरा की कंपनी से जब खर्चों का हिसाब मांगा तब उनकी कंपनी को कानूनी नोटिस भेज दिया गया। आरोपी ने न तो रकम वापस की और तकादा करने पर मारने की धमकी भी मिली। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित पक्ष के साक्ष्यों की जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। दूसरे पक्ष को नोटिस भेजकर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है।

# 25 दिन से पानी आपूर्ति ठप, टैंकर पर निर्भर हुए लोग

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

सेक्टर-48 की एक पॉकेट में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। पिछले करीब 25 दिनों से पानी की नियमित सप्लाई ठप होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि सेक्टरवासी मजबूरी में निजी टैंकर मंगवाकर अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं जिस पर हर बार करीब 900 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।

सेक्टर की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने इस समस्या को लेकर नगर निगम मेयर प्रवीण जोशी से शिकायत की है। आरडब्ल्यूए प्रधान सरदार खान ने बताया कि सेक्टर में बने पानी के चैंबर की सफाई लगभग दो दशक बाद कराई गई, जो सराहनीय कदम था। हालांकि, सफाई के बाद जब पानी की सप्लाई शुरू की गई तो मोटर खराब हो गई। दो दिन बाद मोटर को ठीक कर दोबारा सप्लाई शुरू कर दी गई, लेकिन इसके बावजूद सेक्टर की एक पॉकेट में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) को भी अवगत कराया गया लेकिन अब तक कोई



ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। लगातार पानी न आने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

आरडब्ल्यूए की शिकायत पर मेयर प्रवीण जोशी ने समस्या का संज्ञान लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। अब सेक्टरवासियों को उम्मीद है कि निगम प्रशासन जल्द ही तकनीकी खामी दूर कर नियमित जलापूर्ति बहाल करेगा।

# ड्यूटी कर लौट रहे दो मॉल कर्मचारियों की सड़क हादसे में मौत

**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

साल के पहले ही दिन तेज रफ्तार ने दो घरों के चिराग बुझा दिए। साहिबाबाद के करहेड़ा स्थित राजू कॉलोनी निवासी ललित (21) और राजीव कॉलोनी निवासी अंशुल (22) की 31 दिसंबर की देर रात करीब एक बजे सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों अपने एक और दोस्त सूरज के साथ राजनगर एक्सटेंशन स्थित मॉल से ड्यूटी करके घर लौट रहे थे। करहेड़ा मोड़ के पास स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर की रेलिंग से भिड़ गई। हादसे में घायल सूरज की हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है। वहीं परिजनों ने कार की टक्कर लगने से हादसा होने की बात कही है।

एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि ललित व अंशुल राजनगर एक्सटेंशन स्थित दिल्ली 6 मॉल में झूला झुलाने का काम करते हैं। मॉल में नए साल के मौके पर आयोजन भी था। काम ज्यादा होने की वजह से 31 दिसंबर को दोनों अपने साथ सूरज को भी ले गए थे। पुलिस से बातचीत में ललित के भाई बंटी ने बताया कि दोनों ड्यूटी के बाद हर रोज समय से घर आ जाते हैं। बुधवार रात करीब 12 बजे दोनों से उनकी बात हुई थी। तब ललित ने काम खत्म होने और जल्द घर आने की बात कही। इसके बाद तीनों ने होटल पर खाना खाया और स्कूटी से घर की तरफ आ रहे थे। रात करीब एक बजे सूरज ने उन्हें फोन किया और हादसा होने की बात कही। वह अपने



पिता के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और तीनों को अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने अंशुल और ललित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस की शुरुआती जांच में यह भी सामने आया कि स्कूटी सवार तीनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था।

### पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी करते थे ललित व अंशुल

बंटी ने बताया कि अंशुल पॉलीटेक्नीक की पढ़ाई कर रहा था। इसके साथ ही पिछले करीब तीन वर्षों से मॉल में नौकरी भी कर रहा था। वहीं ललित बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। अंशुल के परिवार में उसके माता-पिता और एक भाई हैं। वहीं ललित के परिवार में एक भाई और पिता हैं। दोनों युवक परिवार के जीवन यापन में मददगार बनकर और अपनी पढ़ाई के खर्च को उठाने के लिए नौकरी कर रहे थे।

हादसे की वजह पर संशय में पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तब हादसे के समय एक कार तेज रफ्तार में निकलती हुई दिखाई दी है। परिवार वालों का आरोप है कि कार की टक्कर से स्कूटी रेलिंग से टकराई और हादसा हुआ। वहीं पुलिस इस बात की पुष्टि नहीं कर रही है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्पीड ब्रेकर भी बना हुआ है। यह आशंका है कि स्पीड ब्रेकर पर तेज रफ्तार के चलते स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर बनी रेलिंग से टकराई हो। हालांकि इस संशय को दूर करने के लिए पुलिस अन्य सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों में एक कार दिखाई दी है लेकिन अभी यह पुष्ट नहीं है कि हादसा उसकी टक्कर से ही हुआ है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नए साल की रात क्विक कॉमर्स और फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म पर ऑर्डरों की बारिश

**अंगूर से लेकर बिरयानी तक, घर बैठे जश्न ने बनाया 31 दिसंबर सबसे व्यस्त रात**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।**




देशभर में नए साल 2026 का स्वागत पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। जैसे ही आधी रात की उलटी गिनती शुरू हुई, वैसे ही क्विक कॉमर्स और फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म पर ऑर्डरों की बाढ़ आ गई। 31 दिसंबर की रात इन प्लेटफॉर्म के लिए साल की सबसे व्यस्त रातों में से एक रही। स्विगी इंस्टामार्ट पर 2025 के आखिरी घंटे यानी रात 11 से 12 बजे के बीच पार्टी से जुड़े सामान, स्नैक्स और पेय पदार्थों की मांग में जबरदस्त उछाल देखा गया। सबसे अधिक मांग अंगूरों की रही, जिनके ऑर्डर में 15 गुना वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद केक (7 गुना), बारबेक्यू आइटम (6 गुना) और पेय पदार्थ (3.5 गुना) शामिल रहे। स्विगी के एक अधिकारी के अनुसार, केवल सुबह के समय अंगूरों के लिए 2.35 लाख सर्च दर्ज की गईं। स्विगी पर केक, पिज्जा और खासतौर पर बिरयानी की भारी मांग रही। शाम 7:30 बजे से पहले ही बिरयानी के 2.18 लाख से अधिक ऑर्डर दर्ज किए गए। रात 8 बजे के आसपास ऑर्डर प्रति मिनट की संख्या 1,300 से अधिक पहुंच गई। डेजर्ट में रस मलाई, गाजर का हलवा और गुलाब जामुन सबसे ज्यादा पसंद किए गए। ऑर्डरों का यह उछाल केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहा। लोनावला, करीमनगर, सहारनपुर, दावणगेरे और पटियाला जैसे शहरों में भी मजबूत मांग देखने को मिली। पटना, सूरत, जयपुर, पुणे और इंदौर जैसे शहरों में फूड डिलिवरी ऑर्डर तेजी से बढ़े। स्विगी डाइन आउट पर भी बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, खासकर अहमदाबाद, लखनऊ और जयपुर में। गिग वर्कर्स की हड़ताल के दावों के बावजूद, जोमैटो, ब्लिंकइट और अन्य प्लेटफॉर्म्स ने रिकॉर्ड डिलिवरी की और कारोबार सामान्य से बेहतर बना रहा।

# 19 राज्यों में घर बैठे डाउनलोड कर सकेंगे जमीन के कागजात, खरीद-बिक्री और लोन मिलने में होगी आसानी




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

अब देश के 19 राज्यों के नागरिक अपने जमीन के कागजात (लैंड रिकॉर्ड) घर बैठे डिजिटल रूप में डाउनलोड कर सकेंगे। ये कागज कानूनी रूप से मान्य होंगे। इसके अलावा, 406 जिलों में बैंक अब ऑनलाइन ही जमीन गिरवी रखने (मॉर्गेज) की जानकारी जांच सकते हैं, जिससे लोगों को लोन जल्दी मिलने में मदद मिलेगी।

सरकार के मुताबिक, भूमि संसाधन विभाग ने जमीन के रिकॉर्ड को डिजिटल बनाने का काम लगभग पूरा कर लिया है। इससे जमीन से जुड़े काम अब लाइन में लगकर नहीं, बल्कि ऑनलाइन होने लगे हैं।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, देश के 97 प्रतिशत से ज्यादा गांवों में जमीन के अधिकार से जुड़े रिकॉर्ड कंप्यूटर पर दर्ज किए जा चुके हैं। लगभग 97 प्रतिशत जमीन के नक्शे भी डिजिटल बना दिए गए हैं। करीब 85 प्रतिशत गांवों में जमीन के लिखित रिकॉर्ड को नक्शों से जोड़ दिया गया है।

शहरों में जमीन की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ह्यनक्शाह्न (एनएकेएसएचए) यानी ह्यराष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित शहरी आवास भूमि सर्वेक्षणह्न योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत देश के 157 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में काम किया जा रहा है। इनमें से 116 यूएलबी में हवाई सर्वे पूरा हो चुका है, जिसमें हाई-रिजॉल्यूशन इमेज के साथ 5,915 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर किया गया।

सरकार ने बताया कि 72 शहरों में जमीनी स्तर पर जांच शुरू हो चुकी है और 21 शहरों में यह काम पूरी तरह खत्म हो गया है।

केंद्र सरकार ने 2025-26 की योजना के तहत 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 1,050 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की है, ताकि वे जमीन के डिजिटल रिकॉर्ड का काम पूरा कर सकें। सरकार ने जमीन के लिए एक खास पहचान संख्या भी शुरू की है, जिसे यूएलपीआईएन कहा जाता है। यह 14 अंकों का नंबर होता है और इसे जमीन का आधार कार्ड कहा जा रहा है। नवंबर 2025 तक देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 36 करोड़ से ज्यादा लैंड पार्सल को यह नंबर दिया जा चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### अगले साल 15 अगस्त से दौड़ेगी देश की पहली बुलेट ट्रेन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन अगले वर्ष 15 अगस्त को मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडॉर पर शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूरा कॉरिडॉर एक साथ नहीं, बल्कि चरणबद्ध तरीके से चालू किया जाएगा। पहले चरण में बुलेट ट्रेन सूरत से बिलिमोरा के बीच चलेगी। इसके बाद वापी से सूरत, फिर वापी से अहमदाबाद, ठाणे से अहमदाबाद और अंत में मुंबई से अहमदाबाद तक सेवाएं शुरू होंगी। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन द्वारा विकसित किए जा रहे इस 508 किलोमीटर लंबे कॉरिडॉर में पूरी तरह चालू होने पर 12 स्टेशन होंगे। इनमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। इस परियोजना की अनुमानित लागत 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक है, जिसमें 81 प्रतिशत वित्तपोषण जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी कर रही है। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में कोलकाता और गुवाहाटी के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। 16 डिब्बों वाली इस ट्रेन की यात्री क्षमता 823 होगी और इसकी डिजाइन गति 180 किमी प्रति घंटा है।

### नया स्मार्टफोन मोटोरोला एक्स 70 एयर प्रो जल्द होगा लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।** मोटोरोला कंपनी जल्द ही अपना नया स्मार्टफोन मोटोरोला एक्स 70 एयर प्रो लॉन्च कर सकती है। कंपनी द्वारा जारी किए गए लेटेस्ट टीजर ने यूजर्स की उत्सुकता जरूर बढ़ा दी है।
माना जा रहा है कि यह फोन मोटोरोला सिग्नेचर या एज 70 अल्ट्रा का रीब्रैंडेड वर्जन हो सकता है। टीजर पोस्टर में फोन का रियर कैमरा मॉड्यूल दिखाया गया है, जिसमें ट्रिपल कैमरा सेटअप नजर आता है। कंपनी ने पुष्टि की है कि इसमें पेरिस्कोप टेलिफोटो सेंसर मिलेगा, जो एडवांस जूम फोटोग्राफी की सुविधा देगा। इसके साथ ही फोन में एआई आधारित इमेजिंग फीचर्स और स्मार्ट फोटो एडिटिंग टूल्स मिलने की उम्मीद है, जिससे कैमरा परफॉर्मेंस और बेहतर होगी।

# एफएआईएफए ने तंबाकू पर बढ़े टैक्स को वापस लेने की मांग की



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी**

अखिल भारतीय किसान संघों का महासंघ (एफएआईएफए) ने सरकार से तंबाकू उत्पादों पर लगाए गए भारी टैक्स वापस लेने और उनमें सुधार की अपील की है। एफएआईएफए का कहना है कि टैक्स को ऐसा रखा जाए, जिससे सरकार की आय पर असर न पड़े और तस्करी (अवैध बिक्री) भी न बढ़े, साथ ही किसानों को नुकसान न हो।

एफएआईएफए ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि अगर कर नीति स्थिर और संतुलित रहेगी, तो इससे किसानों की आमदनी बनी रहेगी, रोजगार सुरक्षित रहेगा और लंबे समय में लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े लक्ष्य भी पूरे किए जा सकेंगे।

वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर तंबाकू से जुड़े कुछ उत्पादों पर 1 फरवरी से नया उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) लगाया है। इसके तहत सिगरेट की लंबाई के हिसाब से 1,000 सिगरेट पर 2,050 रुपए से 8,500 रुपए तक टैक्स लगेगा।

एफएआईएफए का कहना है कि इतने ज्यादा टैक्स से कंपनियों को अपने उत्पादों की कीमत बढ़ानी पड़ेगी। इससे बिक्री घटेगी और अंत में किसानों से तंबाकू की खरीद कम हो जाएगी। इससे बाजार में तंबाकू ज्यादा होगा और किसानों को नुकसान हो सकता है।

एफएआईएफए के अध्यक्ष मुरली बाबू ने कहा कि सरकार ने जीएसटी 2.0 की घोषणा करते समय भरोसा दिया था कि तंबाकू पर कुल टैक्स पहले जैसा ही रहेगा और जीएसटी खुदरा कीमत के 40 प्रतिशत पर ही लगेगा।

उन्होंने बताया कि किसानों ने सरकार के इस भरोसे पर विश्वास किया था और जीएसटी के नियमों में बदलाव का स्वागत भी किया था, क्योंकि इससे कुछ चीजों की कीमतें कम हुई थीं।

सरकार से अपील करते हुए एफएआईएफए के लीडर्स ने कहा कि भारत में कानून के हिसाब से सिगरेट पहले ही काफी महंगी हैं, खासकर लोगों की आमदनी के हिसाब से। यह बात विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट में भी सामने आई है।

अगर टैक्स और बढ़ाया गया, तो लोग सही उत्पाद छोड़कर अवैध सामान खरीदने लगेंगे। इससे न तो सरकार को टैक्स मिलेगा और न ही किसानों को फायदा होगा। एफएआईएफए ने सरकार से अपील की कि टैक्स नीति ऐसी होनी चाहिए, जिससे कानून मानने वाले किसानों और उद्योगों को सजा न मिले।

## नई स्पोर्ट्स बाइक केटीएम आरसी 160 जल्द होगी लांच

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।** भारतीय बाजार में केटीएम अपनी नई स्पोर्ट्स बाइक केटीएम आरसी 160 को जल्द लॉन्च कर सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, केटीएम आरसी 160 की एक्स-शोरूम कीमत 1.85 लाख से 1.90 लाख रुपये के बीच हो सकती है और इसे आने वाले हफ्तों में पेश किया जा सकता है। डिजाइन की बात करें तो केटीएम आरसी 160 का लुक काफी हद तक आरसी 200 से मिलता-जुलता है। शार्प फेयरिंग, स्पोर्टी ग्राफिक्स और एग्रेसिव स्टांस इसे एक फुल-फ्लेज्ड सुपरस्पोर्ट बाइक का अहसास देते हैं। इसमें 164.2सीसी का लिक्विड-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन मिलेगा, जो करीब 18.7बीएचपी की पावर और 15.5 एनएम का टॉर्क जनरेट करेगा। सस्पेंशन के लिए इसमें डब्ल्यूपी एपेक्स इन्वर्टेड फ्रंट फोर्क और रियर मोनोशॉक दिए जाने की उम्मीद है।

# नया स्मार्टफोन मोटोरोला एक्स 70 एयर प्रो जल्द होगा लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।**




मोटोरोला कंपनी जल्द ही अपना नया स्मार्टफोन मोटोरोला एक्स 70 एयर प्रो लॉन्च कर सकती है। कंपनी द्वारा जारी किए गए लेटेस्ट टीजर ने यूजर्स की उत्सुकता जरूर बढ़ा दी है।

माना जा रहा है कि यह फोन मोटोरोला सिग्नेचर या एज 70 अल्ट्रा का रीब्रैंडेड वर्जन हो सकता है। टीजर पोस्टर में फोन का रियर कैमरा मॉड्यूल दिखाया गया है, जिसमें ट्रिपल कैमरा सेटअप नजर आता है। कंपनी ने पुष्टि की है कि इसमें पेरिस्कोप टेलिफोटो सेंसर मिलेगा, जो एडवांस जूम फोटोग्राफी की सुविधा देगा। इसके साथ ही फोन में एआई आधारित इमेजिंग फीचर्स और स्मार्ट फोटो एडिटिंग टूल्स मिलने की उम्मीद है, जिससे कैमरा परफॉर्मेंस और बेहतर होगी। लीक रिपोर्ट्स के मुताबिक फोन में 6.7 इंच का ओलेड डिस्प्ले दिया जा सकता है, जो 1.5के रेजॉलूशन और 120 एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आएगा।

परफॉर्मेंस के लिए फोन में स्नैपड्रेगन 8 जेन 5 प्रोसेसर, 16जीबी तक रैम और एंड्राएड 16 आउट ऑफ द बॉक्स मिलने की संभावना है। कैमरा सेटअप में 50एमपी का प्राइमरी सेंसर, 50 एमपी अल्ट्रावाइड लेंस और 50एमपी पेरिस्कोप टेलिफोटो कैमरा शामिल हो सकता है। चार्जिंग की बात करें तो मोटोरोला एक्स 70 एयर प्रो को 3सी सर्टिफिकेशन मिल चुका है और यह 90डब्ल्यू वायर्ड फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगा।

# टेस्ला की 4680 बैटरी टेक्नालॉजी संकट के दौर में

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।**



अमेरिकी कंपनी टेस्ला की 4680 बैटरी टेक्नोलॉजी अब गंभीर संकट के दौर से गुजरती नजर आ रही है। दक्षिण कोरिया की बैटरी मटेरियल सप्लायर कंपनी एल एंड एफ कंपनी के साथ टेस्ला की बहुचर्चित सप्लाई डील लगभग खत्म हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, 2.9 बिलियन डॉलर की यह डील घटकर अब महज कुछ हजार डॉलर रह गई है, जिससे टेस्ला की बैटरी रणनीति पर सवाल उठने लगे हैं। यह डील 2023 में 4680 बैटरी के लिए हाई-निकल कैथोड मटेरियल सप्लाई को लेकर हुई थी। डील में आई भारी गिरावट इस ओर इशारा करती है कि टेस्ला ने या तो 4680 बैटरी का प्रोडक्शन काफी हद तक कम कर दिया है या फिर इस प्रोजेक्ट को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। मौजूदा समय में 4680 बैटरी का इस्तेमाल सिर्फ सायबरट्रक में हो रहा है, लेकिन इस इलेक्ट्रिक ट्रक की बिक्री कंपनी की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है। टेस्ला ने बैटरी डे 2020 में 4680 सेल को लागत कम करने और लंबी रेंज देने वाला गेमचेंजर बताया था, लेकिन पांच साल बाद भी ये वादे पूरी तरह साकार नहीं हो सके।

दूसरी ओर, बीएमडब्ल्यू, रिवियन और सीएटीएल जैसी कंपनियां इसी तरह की बैटरी टेक्नोलॉजी को ज्यादा बेहतर स्केल पर लागू कर चुकी हैं। ऐसे में 4680 बैटरी टेस्ला के लिए फिलहाल बड़ी उपलब्धि की बजाय एक चुनौती बनती दिख रही है। सालाना लाखों यूनिट उत्पादन की क्षमता के मुकाबले वास्तविक बिक्री बेहद सीमित रही, जिससे बैटरी की मांग भी घट गई।

# शहर की सड़कें होंगी चौड़ी, बिजली समस्या से भी मिलेगी निजात

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।



शहर में सड़क चौड़ीकरण के काम को नई रफ्तार मिलने जा रही है। सड़कों के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे ट्रांसफॉर्मर व बिजली के तारों को हटाने की मंजूरी मिलने के बाद इसपर काम शुरू कर दिया गया है। वहीं नई लाइन से लोगों को बिजली की समस्या से भी निजात मिलने वाली है।

फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य में वर्षों से आ रही सबसे बड़ी बाधा बिजली की लाइनों और ट्रांसफार्मरों को हटाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने इसकी मंजूरी देने के बाद इसकी कागजी प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह परियोजना तिगांव रोड से गुरुग्राम कैनाल रोड (वाया पुलिस पोस्ट, सेक्टर-3) तक के महत्वपूर्ण मार्ग से जुड़ी है जिसे शहर की लाइफलाइन माना जाता है। इसी मार्ग पर रोजाना हजारों वाहन चलते हैं और संकरी सड़क के बीच में लगे बिजली के खंभे व ट्रांसफार्मर आए दिन जाम और हादसों की वजह बनते रहे हैं।

## इन इलाकों को मिलेगा सीधा फायदा

बिजली लाइनों की शिफ्टिंग का काम मुख्य रूप से 11 केवी तिगांव रोड फीडर, ओल्ड एज होम फीडर, राज नर्सिंग होम और रघुवीर कॉलोनी फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में किया जाएगा। इन इलाकों में सड़क के बीच या किनारे खड़ी बिजली के उपकरण लंबे समय से परेशानी का कारण बने हुए थे। अब इन्हें वैज्ञानिक और योजनाबद्ध तरीके से शिफ्ट किया जाएगा, जिससे सड़क चौड़ीकरण का काम बिना रुकावट आगे बढ़ सके।

## एक साथ सड़क और बिजली व्यवस्था होगी मजबूत

इस परियोजना की खास बात यह है कि एक तरफ करीब एक दर्जन सड़कों के चौड़ीकरण का काम तेज होगा वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में नई, मजबूत और आधुनिक बिजली व्यवस्था भी तैयार की जाएगी। पुरानी और अव्यवस्थित लाइनों की जगह नई 11 केवी लाइनें, डीटी और एचटी लाइनें स्थापित होंगी जिससे भविष्य में फॉल्ट और बिजली कटौती की समस्या भी कम होगी। शहरवासियों का मानना है कि सड़क के बीच खड़े बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर न केवल ट्रैफिक जाम बढ़ाते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं का भी बड़ा कारण हैं। खासकर तिगांव रोड और सेक्टर-3 क्षेत्र में सुबह-शाम लंबा जाम आम बात है।

# नागरिक अस्पताल में पहुंच रहीं विटामिन डी की कमी से परेशान महिलाएं

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।



महिलाओं में विटामिन डी की कमी एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभर रही है। अस्पताल की स्त्री रोग ओपीडी में प्रतिदिन करीब 20 महिलाएं विटामिन डी की कमी से जुड़ी शिकायतों के साथ इलाज के लिए पहुंच रही हैं। डॉक्टरों के अनुसार यह समस्या खासकर शहरी महिलाओं, गर्भवती महिलाओं, शाकाहारी और बढ़ती उम्र की महिलाओं में अधिक देखी जा रही है।

जिला नागरिक अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका ने बताया कि महिलाओं में विटामिन डी की कमी के प्रमुख कारणों में धूप का कम मिलना, संतुलित आहार की कमी, मोटापा, और गर्भावस्था शामिल हैं। इसके अलावा किडनी और लीवर से जुड़ी बीमारियां, सीलिएक और क्रोहन जैसे पाचन विकार भी विटामिन डी के अवशोषण को प्रभावित करते हैं। कुछ दवाओं का लंबे समय तक सेवन और उम्र बढ़ने के साथ शरीर की विटामिन डी बनाने की क्षमता कम होना भी इसकी वजह है।

डॉ. प्रियंका के अनुसार विटामिन डी की कमी से महिलाओं में थकान, कमजोरी, हड्डियों और मांसपेशियों में दर्द, बार-बार फ्रैक्चर, मनोदशा परिवर्तन, अवसाद और बालों का झड़ना जैसी समस्याएं सामने आती हैं। गर्भावस्था के दौरान इसकी कमी होने पर शिशु में भी स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ सकता है।

उन्होंने बताया कि बचाव के लिए रोजाना सुबह 15 से 20 मिनट तक धूप लेना, विटामिन डी युक्त आहार जैसे मशरूम और फोर्टिफाइड दूध का सेवन करना चाहिए। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह से सप्लीमेंट भी लिया जा सकता है।

# बीके नागरिक अस्पताल के मुख्य द्वार पर लगा एलईडी बोर्ड दुरुस्त

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।

बीके नागरिक अस्पताल के मुख्य द्वार पर लगा एलईडी साइन बोर्ड दुरुस्त कर दिया गया है। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में खराब पड़े अन्य साइन बोर्डों की मरम्मत का कार्य भी तेज कर दिया गया है, ताकि आमजन को अस्पताल में उपलब्ध मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी आसानी से मिल सके। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक वीरेंद्र यादव ने हाल ही में बीके नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि अस्पताल में उपलब्ध निशुल्क जांच, उपचार, मुफ्त एंबुलेंस सेवा और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का प्रचार अपेक्षित स्तर पर नहीं हो पा रहा है। इस कमी को गंभीरता से लेते हुए निदेशक ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए थे कि शहर के प्रमुख चौराहों पर एलईडी साइन बोर्ड लगाए जाएं और अस्पताल परिसर में खराब पड़े सभी बोर्डों को शीघ्र दुरुस्त किया जाए। निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में अब अस्पताल प्रशासन द्वारा सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। शहर के विभिन्न मुख्य चौराहों और प्रमुख स्थानों पर नए एलईडी बोर्ड लगाए जा रहे हैं, जबकि अस्पताल परिसर में लंबे समय से खराब पड़े बोर्डों की मरम्मत का कार्य भी किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, इन एलईडी बोर्डों के माध्यम से मरीजों और उनके परिजनों को विभागीय योजनाओं, ओपीडी सेवाओं, जांच सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं से जुड़ी जानकारी स्पष्ट रूप से उपलब्ध हो सकेगी।

## फटाफट खबरें

### शेयर बाजार में निवेश के बहाने 1.08 करोड़ की ठगी में एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।** शेयर बाजार में निवेश के बहाने 1.08 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी साहिल कुमार पंजाब के फाजिलका का रहने वाला है। इससे पूछताछ में सामने आया कि आरोपी साहिल ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके सतनाम से बलराम (खाताधारक) का बैंक खाता लेकर आगे ठगों को दिया था। इस खाते से जुड़ी सिम साहिल अपने पास रखता था। जब भी खाते में ठगी के रुपये आते तो वो आगे ठगों के पास भेजता था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को 3 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना एनआईटी की टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर पुलिस को यह शिकायत सेक्टर-21 के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। शिकायत में बताया गया कि उनके व्हॉट्सएप पर एक मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने खुद को एसबीआई सिक्योरिटी का कर्मचारी बताया। इसके बाद उन्हें व्हॉट्सएप पर एक लिंक भेजा। इस पर क्लिक करने के बाद शिकायतकर्ता का एसबीआई सिक्योरिटी एडवांस ब्रोकर अकाउंट खोला गया। फिर शिकायतकर्ता को व्हॉट्सएप ग्रुप में जोड़कर शेयर बाजार में निवेश के बहाने अलग-अलग बैंक खातों में 10810000 रुपये ट्रांसफर करा लिए गए।

### वेतन के विवाद में हुई मारपीट, पुलिस ने पांच को दबोचा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।** वेतन को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद मारपीट करने के मामले में थाना खेड़ीपुल पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार मूलरूप से मांकड़ी, बुलंदशहर निवासी शाहरूख खान अभी पदम नगर में रहता है। उसने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 20 अक्टूबर को जब वह ड्यूटी पर था तभी 10-12 युवक मौके पर पहुंचे और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने उससे नकदी भी छीन ली। शिकायत के आधार पर थाना खेड़ीपुल में मामला दर्ज किया गया।

# दिल्ली में एचआईवी के 60 हजार मरीज, राष्ट्रीय औसत से अधिक है राजधानी में प्रसार दर; पुरुषों की संख्या अधिक

» दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।

राजधानी में एचआईवी एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनी है। दिल्ली स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी और राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में 60 हजार लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं। हर साल औसतन करीब तीन हजार नए एचआईवी संक्रमण सामने आ रहे हैं, जबकि वर्ष 2023 में एक हजार से अधिक लोगों की मौत इसके चलते हो चुकी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में 15 से 49 वर्ष की आयु वर्ग में एचआईवी प्रसार दर 0.31 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक मानी जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा कि असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का उपयोग, नशे की लत और समय पर जांच न कराना संक्रमण फैलने के प्रमुख कारण हैं। इसके साथ ही सामाजिक डर और भेदभाव के




चलते कई लोग अपनी बीमारी छिपा लेते हैं, जिससे इलाज में देरी होती है।

## पुरुषों में ज्यादा मामले

आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में 36,588 पुरुष और 22,281 महिलाएं एचआईवी संक्रमित हैं। इसके अलावा 1,355 बच्चे भी एचआईवी से प्रभावित हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रवासी मजदूरों, ट्रक चालकों, नशा करने वालों और हाई-रिस्क ग्रुप में संक्रमण का खतरा ज्यादा देखा जा रहा है।

## इलाज मौजूद फिर भी कई मरीज बाहर

दिल्ली में एचआईवी मरीजों के लिए 12 एंटीरेट्रोवायरल ट्रीटमेंट सेंटर, 465 इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर और 79 टारगेटेड इंटरवेंशन प्रोजेक्ट चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद रिपोर्ट में सामने आया है कि राजधानी में करीब 70 प्रतिशत ही है। यानी बड़ी संख्या में मरीज अब भी नियमित इलाज से नहीं जुड़ पाए हैं।

## गर्भवती महिलाओं पर खास नजर

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, गर्भवती महिलाओं में समय पर एचआईवी जांच न होने से मां से बच्चे में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली में ईएमटीसीटी योजना के तहत सैकड़ों मामलों में इलाज की जरूरत सामने आई है।

# टेलीग्राम को ठगी का अड्डा बना रहे जालसाज, 9 लोगों से 13.51 लाख ठगे

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।

साइबर ठगों ने जिले के अलग-अलग इलाके में रहने वाले 9 लोगों से 13.51 लाख रुपये ठग लिए। शिकायत देने वालों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। ठगों ने टेलीग्राम पर प्रीपेड टास्क में निवेश के बहाने, आरटीओ चालान का लिंक भेजकर समेत अन्य बहानों से ये ठगी की। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना एनआईटी, सेंट्रल व बल्लभगढ़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

पहले मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत सुंदर सिंह ने दी है। इनका आरोप है कि 9 दिसंबर को इनके मोबाइल पर एप का लिंक आया। लिंक खोलने पर ठगों ने निजी जानकारी भरवाई और बाद में बैंक खाते से 51073 रुपये ठग लिए गए। दूसरे मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत एनआईटी



इलाके के रहने वाले अमित ने दी है। इनका कहना है कि 17 अक्तूबर को ठगों ने गैस बिल अपडेट को लेकर मैसेज भेजा। इसके बाद एपीके फाइल भेजकर खाते से 101997 रुपये ठग लिए गए। तीसरे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत महेश कुमार ने दी है। इनका आरोप है कि 27 दिसंबर को इनकी जानकारी के बगैर ही बैंक खाते से 99 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। ठगों ने ये कैसे किया, समझ ही नहीं आया।

चौथे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत 20 साल के युवक ने दी है। युवक का कहना है कि 11 व 12 दिसंबर के दौरान ठगों ने टेलीग्राम पर प्रीपेड टास्क में निवेश के बहाने ठगी की। आरोपियों ने अलग-अलग बैंक खातों की डिटेल भेजकर 3.10 लाख रुपये निवेश तो करा लिए, बाद में रिफंड नहीं दिया गया।

पांचवें मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत 32 साल की महिला ने दी है। महिला का आरोप है कि 19 सितंबर से 02 अक्तूबर के दौरान ठगों ने टेलीग्राम पर प्रीपेड टास्क में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 91200 रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पहले टास्क पूरे कर घर बैठे कमाई का झांसा देकर संपर्क किया था।

छठे मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत 50 साल की महिला ने दी है। महिला का आरोप है कि 27 दिसंबर को ठग ने कस्टमर केयर कर्मचारी बनकर संपर्क किया।

# युवती से छेड़छाड़ और जानलेवा हमले के आरोपी को नहीं मिली जमानत

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 02 जनवरी।

युवती का रास्ता रोककर छेड़छाड़ और जानलेवा हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में आरोपी को अदालत से राहत नहीं मिली। दोनों पक्षों को सुनकर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अजय शर्मा की अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

बल्लभगढ़ निवासी आरोपी दीपक के अधिवक्ता ने जमानत याचिका दायर कर दलील दी कि उसे केस में गलत फंसाया गया है। उसका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। 7 मई 2025 से ये न्यायिक हिरासत में है। वहीं, अभियोजन पक्ष ने याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि आरोपी पर गंभीर आरोप हैं कि उसने युवती का रास्ता रोक छेड़छाड़ की। साथ ही जानलेवा हमला करते हुए गंभीर चोट पहुंचाई। इसे जमानत मिली तो आरोपी गवाहों पर दबाव डाल सकता है। सेक्टर-8 थाने एफआईआर 19 अप्रैल को दर्ज हुई थी। पीड़िता युवती के अनुसार सत्संग से लौटते समय तिगांव पुल के पास पैदल जा रही थी तो आरोपी ने उसे झाड़ियों में धकेल दिया और मुंह दबाकर नहर में डुबोने की कोशिश की।

# असल जिंदगी में भी डबल रोल निभा रहीं गुरलीन चोपड़ा



बॉलीवुड अभिनेत्री गुरलीन चोपड़ा का नाम फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ फिटनेस के क्षेत्र में भी जाना जाता है। अभिनेत्री गुरलीन की कहानी सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने सही जीवनशैली और फिटनेस के महत्व पर भी जोर दिया है। एक्ट्रेस का जन्म 30 दिसंबर 1990 को पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ में हुआ। उन्होंने मिस चंडीगढ़ का खिताब जीता। यह उनके लिए करियर की दिशा बदलने वाला पल साबित हुआ। दोस्तों के सुझाव की वजह से उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। शुरूआत में उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो और विज्ञापनों में काम किया, यहां से उन्हें फिल्म इंडस्ट्री तक पहुंचने का मौका मिला। गुरलीन ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत हिंदी फिल्म इंडियन बाबू से की। इसके बाद उनकी अगली फिल्म कुछ तो गड़बड़ है आई, जिसमें उन्होंने एक अनाथ लड़की का किरदार निभाया। इस दौरान उन्होंने साउथ इंडस्ट्री में भी अपने पैर जमाए। तेलुगु फिल्म आयुधम उनके करियर की शुरूआती फिल्मों में शामिल है। इसके बाद उन्होंने कन्नड़ और तमिल फिल्मों में भी अभिनय किया। कन्नड़ फिल्म मनमथा में उन्होंने दोहरी भूमिका निभाई, जिसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने बहुत सराहा। गुरलीन का करियर सिर्फ फिल्मों तक ही सीमित नहीं रहा। उन्होंने अपनी फिटनेस और हेल्थ के प्रति लगाव को बिजनेस में बदल दिया। इसके तहत, उन्होंने लोगों को सही डाइट, योग और व्यायाम के जरिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।



# मैं तुम्हारा गला काट दूंगी, यामी गौतम ने याद किया थिएटर का पहला अनुभव

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों हाल ही में रिलीज हुई फिल्म हक की सफलता का जश्न मना रही हैं। इस बीच यामी ने आईएएनएस से बात करते हुए अपने शुरूआती दिनों के थिएटर अनुभव को याद किया और बताया कि उन्होंने एक डायलॉग को इतने अजीब तरीके से बोला था कि वहां मौजूद लोग हंस-हंसकर लोटपोट हो गए थे। आईएएनएस से बात करते हुए यामी ने कहा, जब मैं स्कूल में थिएटर सीख रही थी, तब वहां एक नया टीचर आया था। थिएटर बस शुरू हो रहा था और हर छात्र को अपनी लाइन अलग अंदाज में बोलनी थी। मुझे याद है कि मेरा एक डायलॉग था, चुप रहो, छोटे शैतान, वरना मैं तुम्हारा गला काट दूंगी, ये लाइन मैंने इतनी अजीब तरीके से कही कि सभी लोग हंस-हंसकर लोटपोट हो गए। उन्होंने बताया, इसके बाद टीचर ने मजाकिया अंदाज में मुझसे कहा कि तुम तो किसी गली के आदमी की तरह बोल रही हो, मैंने कहा, मुझे नहीं पता मैं कैसे करूं, लेकिन एक बात अच्छी है कि कम से कम आपको मेरी लाइनें तो याद हैं। यामी ने अभिनय और निर्देशक के बीच के संबंध पर भी बात की। उन्होंने कहा, निर्देशक कहानी की दिशा तय करता है और अभिनेता उनके विजन को स्क्रीन पर दिखाता है। एक ही किरदार को एक अभिनेता कई अलग-अलग तरीकों से निभा सकता है, और इनमें से कोई तरीका गलत या सही नहीं होता। लेकिन स्क्रीन पर जो दिखता है, वह हमेशा निर्देशक के विजन का हिस्सा होता है। यह कलाकार और निर्देशक के बीच की रचनात्मक साझेदारी को दिखाता है। उन्होंने कहा, अभिनय केवल डायलॉग बोलने तक सीमित नहीं है। यह किरदार की भावनाओं, मानसिकता और कहानी की दिशा को समझने का तरीका है। जब निर्देशक सही दिशा दिखाते हैं, तो अभिनेता को अपने अनुभव और प्रतिभा का इस्तेमाल कर कहानी को और प्रभावशाली बनाना होता है। निर्देशक और अभिनेता का तालमेल ही किसी फिल्म को सफल बनाता है।

## चित्रांगदा सिंह के करियर के लिए खास रहा साल 2025

बॉलीवुड अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ऐसे चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं, जिन्होंने हमेशा संख्या से ज्यादा गुणवत्ता को महत्व दिया है। साल 2025 उनके करियर के लिए खास रहा है, जिसमें उन्होंने हाउसफुल 5, परिक्रमा और रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स जैसी अलग-अलग तरह की प्रोजेक्ट्स में काम किया।

चित्रांगदा सिंह ने कहा, भले ही मेरा फिल्मी सफर बहुत लंबा या लगातार नहीं रहा, लेकिन इस बात की खुशी है कि दर्शकों ने मेरे काम को याद रखा है। मेरा मानना है कि किसी किरदार के स्क्रीन टाइम से ज्यादा जरूरी यह होता है कि वह दर्शकों पर कितना असर छोड़ता है।



# मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे ऐसे मौके मिले : मोना सिंह

अभिनेत्री मोना सिंह ने टीवी, सिनेमा और डिजिटल प्लेटफॉर्म, तीनों में अपनी जगह बनाई है। अभिनेत्री मोना सिंह के लिए बीते 25 साल व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों तरह के विकास का दौर रहा। मोना सिंह ने कहा, मैंने इंडस्ट्री के साथ-साथ खुद को भी आगे बढ़ाया है। मुझे ऐसे किरदार मिले जिन्होंने चुनौती दी और मेरी क्षमता को परखा। इतने सालों बाद भी अगर मैं उत्साहित हूं, तो यह मेहनत और सीख का ही परिणाम है। उन्होंने कहा, मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे ऐसे मौके मिले, जहां मैंने अलग-अलग माध्यमों में काम करते हुए अपनी पहचान बनाई। जब उनसे इंडस्ट्री में आए सबसे बड़े बदलाव के बारे में पूछा, तो मोना ने कहा, इंडस्ट्री में काफी बदलाव आए, लेकिन सबसे ज्यादा हैरानी इस बात की हुई कि इंडस्ट्री ने बदलाव को इतनी जल्दी अपनाया। ओटीटी प्लेटफॉर्म के आने से कलाकारों और कहानीकारों के लिए नए मौके खुले। अब उम्र, जॉनर या फॉर्मेट की कोई बाधा नहीं रही। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दर्शक भी सीधे कलाकारों से जुड़ सकते हैं। 90 के दशक में कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन दर्शक कलाकारों से इतनी सीधे बातचीत कर सकेंगे। मोना सिंह ने कहा, पिछले 25 सालों में बॉलीवुड में सबसे बड़ा बदलाव कहानी कहने के तरीके में आया है।

# हरभजन ने भारत सहित इन टीमों को बताया टी20 विश्वकप सेमीफाइनल का दावेदार



**मुम्बई, यूटर्न/ 02 जनवरी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप में मेजबान भारतीय टीम के आलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका व अफगानिस्तान की टीमें भी सेमीफाइल में पहुंचने की प्रबल दावेदार है। टी20 विश्वकप 7 फरवरी से शुरू होगा। हैरानी की बात है कि हरभजन ने दो बार की विजेता इंग्लैंड को 2026 इस बार खिताबी दावेदार नहीं माना है। विश्वकप की मेजबानी भारत और श्रीलंका की टीमें संयुक्त रुप से कर रही हैं। हरभजन ने कहा कि इस बार भी भारतीय टीम के पास खिताब बरकरार रखने का अच्छा अवसर है। हरभजन ने कहा, मुझे लगता है कि भारतीय टीम के पास अपनी धरती पर मैच होने के कारण जीतने का सुनहरा मौका है, भरतीय टीम अभी काफी अच्छी है और उसे घरेलू धरती पर प्रशंसकों का भी समर्थन मिलेगा। हलातों को बेहतर तरीके से जानने का लाभ भी उन्हें मिलेगा। जीत के लिए केवल उन्हें विश्वकप के दबाव पर नियंत्रण रहना होगा। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। उन्होंने 19 में से 16 मैच जीते हैं। वह इस बार टी20 वर्ल्ड कप 2026 में डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर उतरेगी।

वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने साल 2021 में पहली बार खिताब जीता था। वह दूसरी बार खिताब जीतने उतरेगी। टीम साल 2010 में उपविजेता रही थी जबकि 2007 और 2012 में सेमी-फाइनल से ही बाहर हो गयी थी। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने हाल में अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में उसके पास 2024 का सत्र जीतने का अवसर है। वहीं अफगानिस्तान ने साल 2010 में डेब्यू करने के बाद से ही अब तक यह टूनामेंट नहीं जीता है। उसने साल 2024 के सत्र में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराकर सेमी-फाइनल में जगह बनायी थी।

# उस्मान ख्वाजा ने किया संन्यास का ऐलान, सिडनी में खेलेंगे आखिरी टेस्ट

» **सिडनी, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। सिडनी में 4 जनवरी से शुरू हो रहा एशेज सीरीज का पांचवां टेस्ट ख्वाजा के करियर का आखिरी टेस्ट होगा।

उस्मान ख्वाजा ने शुक्रवार की सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अपने संन्यास की घोषणा की। इस मौके पर उनका परिवार भी मौजूद था।

ख्वाजा ने कहा, मैं घोषणा करने आया हूं कि सिडनी टेस्ट के बाद अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लूंगा। ईश्वर ने क्रिकेट के जरिए मुझे मेरी सोच से कहीं ज्यादा दिया है। उन्होंने मुझे ऐसी यादें दी हैं जिन्हें मैं हमेशा अपने साथ रखूंगा, ऐसी दोस्ती जो खेल से कहीं आगे है, और ऐसे सबक जिन्होंने मुझे बनाया कि मैं मैदान के बाहर कौन हूं।

उन्होंने कहा, कोई भी करियर किसी एक इंसान का नहीं होता। मुझे मेरे माता-पिता और पत्नी से बहुत मदद मिली। इन्होंने बहुत त्याग किया, जो कभी चर्चा में नहीं रहा है। मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलूंगा, इसका विश्वास मेरे पिता को मुझसे ज्यादा था। इस विश्वास के लिए धन्यवाद।

उस्मान ख्वाजा पाकिस्तान मूल के पहले क्रिकेटर रहे जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेला। 39 साल के उस्मान ख्वाजा की उम्र और एशेज सीरीज में उनकी फॉर्म और युवाओं को मौका देने का समय, कहीं न कहीं उनके संन्यास की वजह बनी। जारी एशेज सीरीज के 4 मैचों में वह तीन मैच का हिस्सा रहे हैं। ब्रिसबेन टेस्ट में वह इंजरी की वजह से नहीं खेल पाए थे। ख्वाजा एशेज सीरीज की पांच पारियों में 2, 82, 40, 0, 29 का स्कोर कर सके हैं। पिछली 15 पारियों में उनके बल्ले से सिर्फ एक अर्धशतक आया है। सिडनी टेस्ट में उनकी कोशिश एक बड़ी पारी के साथ संन्यास लेने की होगी। ख्वाजा ने 2011 में टेस्ट और 2013 में वनडे में डेब्यू किया था। 87 टेस्ट की 157 पारियों में 43.39 की औसत से 16 शतक और 28 अर्धशतक लगाते हुए वह 6,206 रन बना चुके हैं।



# ईरान में जेनजी प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी से भड़के ट्रंप, अमेरिकी मदद का दिया ऑफर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

ईरान में जेनजी का विरोध प्रदर्शन बीते चार दिनों से चल रहा है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जेनजी शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन सड़क पर उतरे हैं। इस विरोध-प्रदर्शन में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस विरोध-प्रदर्शन में मारे गए लोगों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। ट्रुथ सोशल पर राष्ट्रपति ट्रंप ने लिखा, ह्यअगर ईरान शांति से प्रदर्शन करने वालों पर गोली चलाता है और उन्हें बुरी तरह मारता है, जो उनका रिवाज है, तो अमेरिका उनकी मदद के



लिए आएगा और आगे बढ़ने के लिए तैयार है। इस मामले पर ध्यान देने के लिए आपका धन्यवाद।ईरानी अधिकारियों ने देश के अंदरूनी मामलों में अमेरिका के दखल के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी है। ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि अमेरिकी दखल से पूरे इलाके में गड़बड़ी होगी और अमेरिकी हितों का नुकसान होगा।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के करीबी सलाहकार अली शमखानी ने ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा को रेड लाइन बताया। इस हफ्ते ईरान के लगभग 21 राज्यों में दर्जनों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए।

## संक्षिप्त खबरें

### इक्वाडोर में हिंसा: 9 प्रांत और 3 नगरपालिकाओं में आपातकाल

**क्विटो, यूटर्न/ 02 जनवरी।** इक्वाडोर के राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने नौ प्रांतों और तीन नगरपालिकाओं में 60 दिनों के लिए आपातकाल की घोषणा की है, क्योंकि देश में आपराधिक हिंसा में वृद्धि होने के कारण गंभीर आंतरिक अशांति उत्पन्न हो गई है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को दी। राष्ट्रपति द्वारा बुधवार को हस्ताक्षरित डिक्री के अनुसार, गुरुवार से तटीय क्षेत्र के गुयास, मनाबी, सांता एलेना, लॉस रियोस, एल ओरो और एस्मेराल्डास प्रांतों, पिचिंचा और सैंटो डोमिंगो के मध्य-उत्तरी प्रांतों के साथ-साथ अमेजॅन क्षेत्र के सुकुम्बियोस प्रांत में आपातकाल लागू किया गया है। यह आपातकाल मध्य प्रांत कोटोपैक्सी के ला माना नगर पालिका के साथ-साथ एंडियन प्रांत बोलिवर के लास नावेस और एचेंडिया नगर पालिकाओं में भी लागू किया गया है।

### अमेरिका में 2025 में खसरे के 2,000 से अधिक मामले दर्ज

**लॉस एंजिल्स, यूटर्न/ 02 जनवरी।** अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में 2025 में खसरे के 2,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए जो 1992 के बाद से सबसे अधिक वार्षिक संख्या है। 30 दिसंबर तक, देश में खसरा के कुल 2,065 पुष्ट मामले सामने आए थे, जिनमें से लगभग 11 प्रतिशत मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता पड़ी। सीडीसी के अनुसार, ये मामले अमेरिका के 44 राज्यों में दर्ज किए गए, साथ ही अमेरिका आने वाले कुछ अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों में भी मामले सामने आए।

### पश्चिमी लीबिया में ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत

**त्रिपोली, यूटर्न/ 02 जनवरी।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में स्थित अजयलात शहर में एक गश्ती दल को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी लीबिया के आंतरिक मंत्रालय के सुरक्षा निदेशालय सहायता बल ने गुरुवार को दी। एक बयान में, पुलिस बल ने कहा कि यह हमला गुरुवार तड़के हुआ, जब गश्ती दल अवैध प्रवास की तैयारी कर रही एक नाव की जानकारी मिलने पर कार्रवाई कर रहा था।

## दिल्ली शब्दोत्सव–2026

# स्वावलंबन की दिशा में तीनों सेनाएं अग्रणी : पूर्व सैन्य अधिकारी



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय दिल्ली शब्दोत्सव-2026 के पहले दिन स्वावलंबन से शौर्य विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के पूर्व वाइस एडमिरल शेखर सिन्हा ने कहा कि स्वावलंबन के क्षेत्र में भारतीय नौसेना सबसे आगे रही है। उन्होंने बताया कि नौसेना ने 1971-72 में ही ह्यनिलगिरीह्न जैसे स्वदेशी युद्धपोतों का निर्माण किया था और आज भी आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल शेखर सिन्हा ने कहा कि हम अपनी आवश्यकताओं के अनुसार योजनाएं बनाते हैं, उन पर कार्य करते हैं और समय की मांग के अनुसार उनमें बदलाव भी करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल नौसेना ही नहीं, बल्कि थल सेना, वायु सेना, तीनों सेनाएं स्वावलंबन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

तीनों सेनाओं की जरूरतें अलग-अलग हैं और उसी के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल (सेवानिवृत्त) राकेश भदौरिया ने कहा कि एयरोस्पेस उद्योग में भारत आज आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसकी नींव 1970 के दशक में ही रख दी गई थी। उन्होंने बताया कि एचएएल ने सबसे पहले महारुथ परियोजना पर काम किया था, लेकिन कुछ तकनीकी कमियों के कारण उसे आगे नहीं बढ़ाया गया और 80-90 के दशक में भारत आयात पर अधिक निर्भर हो गया। हालांकि, करीब 40 वर्षों के बाद एयरोस्पेस उद्योग में बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि आज भारत एलसीए (लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) परियोजना में सफल रहा है और इस पर वायु सेना का भरोसा भी बढ़ा है। देश की एयरोस्पेस इंडस्ट्री अब काफी विकसित हो चुकी है।

रक्षा विशेषज्ञ प्रो. राजीव नयन ने कहा कि भारत की सैन्य क्षमता को सामरिक क्षेत्र में लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि सामरिक स्वावलंबन न केवल आवश्यक है, बल्कि महाशक्ति बनने के लिए अनिवार्य भी है। उन्होंने कारगिल युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय विदेशी निर्भरता के कारण कीमतें अचानक बढ़ा दी गई थीं।

लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) दुष्यंत सिंह ने कहा कि सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र को भी रक्षा उत्पादन में आगे आना होगा। सरकार को ऐसा अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए, जिससे निजी कंपनियों की रक्षा क्षेत्र में भागीदारी बढ़े और देश तेजी से आत्मनिर्भर बन सके।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए यूनुस सरकार ने पर्याप्त कदम नहीं उठाए : अमेरिकी कांग्रेसमैन

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 02 जनवरी।**



भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की बिगड़ती स्थिति पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि वहां हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाकर हिंसा हो रही है और ढाका की सरकार उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रही है।

उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि अमेरिकी दृष्टिकोण से यह जरूरी है कि बांग्लादेश जाने वाले किसी भी व्यक्ति को उसकी जातीय पहचान, पृष्ठभूमि या धर्म के कारण किसी तरह की हिंसा या विरोध का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा, इस मामले में, हमने देखा है कि बांग्लादेश में खास तौर पर हिंदुओं पर कई हमले हुए हैं।

वर्जीनिया से डेमोक्रेट सांसद सुहास सुब्रमण्यम के अनुसार ये घटनाएं अलग-थलग नहीं हैं, बल्कि मौजूदा सरकार के सत्ता में आने के बाद से एक बड़े पैटर्न का हिस्सा हैं। उन्होंने साफ कहा कि सरकार अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में नाकाम दिख रही है और अमेरिका को यह समझना होगा कि बांग्लादेश सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए क्या कदम उठाने वाली है।

उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान धार्मिक स्थलों, स्मारकों, दुकानों और आम लोगों को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा, हमने हिंदू और अन्य धार्मिक स्मारकों और स्थलों पर हमले और उन्हें नुकसान पहुंचाते देखा है। हमने हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के व्यवसायों पर हमले और उन्हें नुकसान पहुंचाते देखा है। और अब हम कई मामलों में लोगों पर हमले और उनकी हत्या होते देख रहे हैं। उन्होंने माना कि सत्ता परिवर्तन के समय हालात तनावपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन जिस तरह लगातार हिंसा हो रही है, वह गंभीर चिंता का विषय है।

# स्विट्जरलैंड के क्रान्स-मोंटाना रिसॉर्ट के बार में आग लगने से 40 लोगों की मौत

### स्विट्जरलैंड के क्रान्स–मोंटाना रिसॉर्ट के बार में आग लगने से 40 लोगों की मौत



» **जेनेवा, यूटर्न/ 02 जनवरी।**

दक्षिण-पश्चिमी स्विट्जरलैंड के वैलिस कैंटन में क्रान्स-मोंटाना स्की रिसॉर्ट के एक बार में आग लगने से लगभग 40 लोगों की मौत हो गई जबकि 110 से अधिक लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को दी। वैलिस कैंटन के पुलिस प्रमुख फ्रेडरिक गिस्लर ने दोपहर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में हताहतों की संख्या की पुष्टि की। गिस्लर ने पत्रकारों को कहा, हमारे अनुसार लगभग 40 लोगों की मौत हो गई है और 115 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकांश गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के अनुसार, घायलों में अधिकांश युवा हैं, जिन्हें वैलिस कैंटन की राजधानी सियोन के अस्पतालों के साथ-साथ लॉजेन, ज्यूरिख और जिनेवा सहित अन्य शहरों के अस्पतालों में भेजा गया है। वालेइस कैंटोनल सरकार के अध्यक्ष मैथियास रेनार्ड ने कहा कि कुछ घायलों को बाद में विदेशी अस्पतालों में स्थानांतरित किया जा सकता है। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से पहले कहा था कि नए साल की पूर्व संध्या पर क्रान्स-मोंटाना के केंद्र में स्थित एक बार में भीषण आग लग गई। स्थानीय समयानुसार रात 1:30 बजे के कुछ ही समय बाद अलार्म बजाया गया, जिसके बाद दर्जनों एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर भेजे गए। स्विस परिसंघ के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन ने इस घटना को देश के इतिहास की सबसे भीषण त्रासदियों में से एक बताया। श्री पार्मेलिन ने कहा कि सरकार सभी परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है। श्री पार्मेलिन ने आगे कहा कि संघीय महल पर झंडे पांच दिनों तक आधे झुके रहेंगे और उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकना आवश्यक है।



**कनाडा में कडाके की सर्दी के बाद भी लोग पोलर बीयर डिप इवेंट में भाग लेने के लिए लेक ओंनटारियो पहुंचे**

# गाम्बिया में प्रवासी नाव पलटने से सात लोगों की मौत

**बंजुल, यूटर्न/ 02 जनवरी।** गाम्बिया के उत्तरी तट के पास बुधवार की आधी रात को एक नाव पलट गई, जिसमें कथित रूप से 200 से अधिक अवैध प्रवासी सवार थे। इस घटना में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई जबकि 96 अन्य को बचा लिया गया। यह जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी। गांव के पास पलट गया। संकट की सूचना मिलते ही, गाम्बियाई नौसेना ने राष्ट्रीय सुरक्षा एवं आपातकालीन एजेंसियों के समन्वय से खोज, बचाव और राहत अभियान शुरू किया। नवीनतम जानकारी के अनुसार, 96 लोगों को बचाया जा चुका है जिनमें से 39 को अस्पताल मं भर्ती किया गया है जबकि 57 लोगों इलाज नौसैनिक अड्डे पर किया जा रहा है। सात शव बरामद किए गए हैं, जबकि कई यात्री अभी भी लापता हैं। मंत्रालय ने बताया कि मृतकों में से कुछ गैर-गाम्बियाई नागरिक हैं। सरकार ने राष्ट्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना को सक्रिय किया है और खोज एवं बचाव अभियान जारी है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *